Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 143 जयपुर, गुरुवार, 07 नवम्बर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स को मिलेंगे फ्री स्वेटर-जूते

## लड़कियों के लिए सैनिक एकेडमी बनेगी, राइजिंग राजस्थान में 28 हजार करोड़ के एमओयू

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान के सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स को अब फ्री यूनिफॉर्म के साथ स्वेटर और जूते भी मिलेंगे। यही नहीं, प्रदेश में लड़कियों के लिए सैनिक एकेडमी की भी स्थापना होगी। राइजिंग राजस्थान के तहत बुधवार को जयपुर के सीतापुरा स्थित होटल में आयोजित एजुकेशन प्री समिट में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने यह जानकारी दी।

इस दौरान राजस्थान के शिक्षा, उच्च शिक्षा खेल और कौशल एवं उद्यमिता विभाग में करीब 28 हजार करोड़ रुपए के 507 एमओयू हुए। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- हम राइजिंग राजस्थान के तहत प्रदेश के 6 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार देंगे। वहीं, शिक्षा मंत्री ने कहा- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सोलर सिस्टम की स्थापना, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लासरूम, फर्नीचर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डाइनिंग हॉल तैयार किया जाएगा। प्रदेश में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के विकास, स्कूलों में ब्लॉक लेवल पर खेल के स्टेडियम, ऑनलाइन परीक्षा सुविधा केंद्रों की स्थापना होगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- राजस्थान में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में निवेश करने वाले सभी निवेशक भामाशाह के तौर पर पहचाने जाएंगे। हालांकि उच्च शिक्षा में काफी ऐसे निवेशक भी हैं, जो कॉलेज खोल वहां से आमदनी हासिल करेंगे।



### प्राइवेट सेक्टर में 6 लाख युवाओं को देंगे रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा- शिक्षा हमारे जीवन का प्रमुख आधार है। राइजिंग राजस्थान के तहत आज सबसे महत्वपूर्ण एमओयू हुए हैं, जो प्रदेश के युवाओं के भविष्य का निर्धारण करेंगे। भाजपा के संकल्प-पत्र में युवाओं को प्राइवेट नौकरियों के तौर पर भी 6 लाख जॉब देने का वादा किया गया था। हम सिर्फ राइजिंग राजस्थान के तहत ही 6 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाएंगे। पर्यटन से लेकर ऊर्जा, चिकित्सा, शिक्षा, माइनिंग हर क्षेत्र में एमओयू हुए हैं। ऐसे में स्कूल शिक्षा में निवेश करने वाले निवेशकों को ही भामाशाह कहा जाएगा। इस दौरान मदन दिलावर ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से किए गए सवालों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जो भी लोग पेपर लीक में दोषी और अपराधी हैं। वह लोग जेल में जाएंगे, चाहे उसमें मेरा भी नाम शामिल क्यों न हो।

### युवाओं को जापान और जर्मनी भेजेंगे

भजनलाल शर्मा ने कहा- आने वाले समय में क्या आवश्यकता है, इसका एक एजेंसी से सर्वे करवाया जा रहा है। दूसरे देशों का सर्वे करवाने की भी जरूरत है कि वहां की क्या जरूरत है ताकि युवाओं को मौका मिल सके। हाल ही में उनके जापान दौरे में 15,000 युवाओं को नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार देने को लेकर एमओयू किया गया। इसी तरह जर्मनी ने एक लाख युवाओं की मांग की है। लेकिन, उन्हें पहले 20 हजार युवा देने और उनके शिक्षा के मापदंड के अनुसार यहां एजुकेशन हब बनाकर एग्जाम ऑर्गेनाइज कराने को कहा है। वहीं, शिक्षा मंत्री ने कहा- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सोलर सिस्टम की स्थापना, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लासरूम, फर्नीचर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डाइनिंग हॉल तैयार किया जाएगा।

### इन विभागों में किए गए एमओयू

स्कूल शिक्षा में 2043.75 करोड़ रुपए के 61 एमओयू

संस्कृत शिक्षा में 105 करोड़ रुपए के 12 एमओयू

उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा में 23871.87 करोड़ के 425 एमओयू

युवा मामले एवं खेल में 2000 करोड़ के 4 एमओयू

कौशल एवं उद्यमिता में 30 करोड़ के 5 एमओयू

### अकबरुद्दीन ओवैसी ने फिर किया ‘15 मिनट’ का जिक्र

## 2012 में कहा था- 15 मिनट के लिए पुलिस हटा लो, पता चल जाएगा ताकतवर कौन

■ संजीवनी टुडे

संभाजीनगर। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी मंगलवार को संभाजीनगर (औरंगाबाद) में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इस दौरान अकबरुद्दीन ने कहा- ''कैंपेनिंग का टाइम है 10 बजे, अभी 9:45 बजे हैं, अभी 15 मिनट बाकी हैं। चुनावी सभा में आए लोगों से अकबरुद्दीन ने कहा, ''अरे भाई 15 मिनट बाकी है, सब्र करिए, न वो मेरा पीछा छोड़ रही है, न मैं उसका पीछा छोड़ रहा हूं। चल रही है, मगर क्या गूंज है। औवेसी के इस विवादित बयान को 12 साल पहले दिए गए भाषण से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, 2012 में भी अकबरुद्दीन ने 15 मिनट वाला भड़काऊ बयान दिया था। तब कहा था- देश से 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दो तो पता चल जाएगा, कौन ताकतवर है। अकबरुद्दीन ने पार्टियों की गारंटी पर उठाए सवाल अकबरुद्दीन ने अपनी स्पीच में महाराष्ट्र के प्रमुख नेताओं को चुनौती दी और पूछा कि क्या शरद पवार, अजित पवार, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे जैसे नेता चुनाव के बाद उनकी वफादारी की गारंटी दे सकते हैं। उन्होंने पूछा, ''क्या शरद पवार यह आश्वासन देंगे कि वे चुनाव के बाद पीएम मोदी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे? औवेसी बोले- क्या अजित पवार वोटों की गिनती के बाद शरद पवार के पास वापस न लौटने का



वादा कर सकते हैं? क्या उद्धव ठाकरे यह गारंटी देंगे कि वे भाजपा में फिर से शामिल नहीं होंगे? और, क्या एकनाथ शिंदे चुनाव के बाद ठाकरे गुट से दूर रहने की कसम खा सकते हैं? मैं तो खुला बोल रहा हूं कि मैं मोदी-योगी का दुश्मन हूं। सुना है चुनाव प्रचार के लिए योगी आदित्यनाथ आने वाले हैं। योगी और नरेंद्र मोदी आपके आने के बाद अकबर भी आने वाला है। मॉब लिन्चिंग के नाम पर, बीफ के नाम पर, घर वापसी के नाम पर, सर पर टोपी पहनने के नाम पर, दाढ़ी के नाम पर जो तुम काट रहे हो, क्या ये तुम्हारी नफरत हिंदुस्तान को कमजोर नहीं कर रही है हिंदुस्तान में जुल्म का शिकार अगर कोई है तो वो मुसलमान है, दलित है। ये मुल्क जितना तिलक लगाने वाले का है, सिर पर पगड़ी बांधने वाले का है, उतना ही दाढ़ी रखने वाले और सिर पर टोपी पहनने वाले का भी है। इन लोगों के पास कोई विचारधारा नहीं है।

### महाराष्ट्र चुनाव- राहुल ने महाविकास अघाड़ी की 5 गारंटी दीं

## महिलाओं को हर महीने 3 हजार, युवाओं को 4 हजार, जातिगत जनगणना का वादा

■ संजीवनी टुडे

नागपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार (6 नवंबर) को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया। उन्होंने मुंबई में संविधान सम्मान सभा में महाविकास अघाड़ी की पांच गारंटी बताई। इसमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपए, युवाओं के लिए हर महीने 4 हजार रुपए की मदद, किसानों का 3 लाख रुपए तक का कर्ज़ा माफ करना शामिल है। इससे पहले उन्होंने नागपुर में कहा कि देश में जाति जनगणना होगी और इससे दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि सभी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी शक्ति है और हमारी भूमिका क्या है। हम 50% (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे। कांग्रेस महाविकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। उसने 103 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा है। हम हर सम्मेलन में अंबेडकर जी, गांधी जी, साहू महाराज जी समेत कई महान लोगों के बारे में बात करते हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि जब हम इनकी बात करते हैं तो सिर्फ एक व्यक्ति की बात नहीं होती। क्योंकि इन महापुरुषों की बातों में भी करोड़ों लोगों की आवाज रहा करती थी। वे जब बोलते थे तो दूसरों का दुख, दर्द उनके मुंह से निकलता था। जब आप अंबेडकर की किताबें पढ़ेंगे तो



साफ दिखेगा कि वे अपनी नहीं, दूसरों की बात कर रहे हैं। अंबेडकर, गांधी जी ने कभी अपना दर्द नहीं देखा, वे सिर्फ लोगों के दर्द की बात करते हैं। जब हिंदुस्तान ने अंबेडकर जी से संविधान बनाने के लिए कहा, तो इसका मतलब था- संविधान में देश के करोड़ों लोगों का दर्द और उनकी आवाज गूंजनी चाहिए। संविधान के पीछे की सोच हजारों साल पुरानी है। इसमें जो लिखा है, वही भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी, फुले जी जैसे अनेक महापुरुषों ने कही है। इसमें लिखा है कि सभी के बीच समानता होनी चाहिए, हर धर्म, हर भाषा, हर जाति का आदर होना चाहिए। जनता की बात सुनते वक्त मेरे पास एक छोटी सी आवाज आई- जातिगत जनगणना। लेकिन फिर धीरे-धीरे ये आवाज बड़ी हो गई।

### घोषणा पत्र के 10 प्रमुख वादों का ऐलान किया

इसे हमने जातिगत जनगणना का नाम दिया है, पर इसका असली मतलब न्याय है। मेरी सोच है कि बिना शक्ति और धन के आदर का कोई मतलब नहीं है। 5 नवंबर को महाराष्ट्र सीएम ने महायुति गठबंधन के घोषणा पत्र के 10 प्रमुख वादों का ऐलान किया था। प्रमुख वादों में लाड़ली बहन योजना की राशि 1500 से बढ़ाकर 2100 करना, बिजली बिलों में 30% तक की कमी, वृद्धावस्था पेंशन की राशि 1500 से 2100 रुपए करना, 25 लाख नौकरियां देने का वादा शामिल है।

### सरकारी कर्मचारियों पर मनी लॉन्ड्रिंग केस के लिए मंजूरी जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट बोला- यह प्रावधान ईमानदार और निष्ठावान अधिकारियों की रक्षा के लिए है

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ड्यूटी के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी लोक सेवकों के खिलाफ केस चलाने से पहले सरकार के संबंधित अथॉरिटी से मंजूरी लेना जरूरी है। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि एटघ्ए की धारा-197 (1) के तहत प्रावधान है कि सरकारी अधिकारियों और जजों के खिलाफ केस चलाने के लिए सरकार से मंजूरी लेनी होती है। यह प्रावधान अब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में भी लागू होता है। दरअसल, आंध्र प्रदेश के नौकरशाह बिभु प्रसाद आचार्य के खिलाफ क्कने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए थे। जिसे 2019 में तेलंगाना हाईकोर्ट ने बिना सरकार की मंजूरी के केस चलाए जाने को लेकर खारिज कर दिए थे। इसके खिलाफ क्कसुप्रीम कोर्ट पहुंची थी, जहां बुधवार को जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस एजे मसीह की बेंच ने भी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए का केस चलाने से पहले सरकार की मंजूरी लेने का प्रावधान ईमानदार और निष्ठावान अधिकारियों की रक्षा के लिए है। ईडी ने बिभु प्रसाद आचार्य पर आरोप लगाए थे कि सरकारी जमीन के आवंटन के दौरान बिभु ने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया है।



### पीएमएलए का मकसद मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना

ब्लैक मनी को लीगल इनकम में बदलना ही मनी लॉन्ड्रिंग है। पीएमएलए देश में 2005 में लागू किया गया। मकसद मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना और उससे जुटाई गई प्रॉपर्टी को जब्त करना है। पीएमएलए के तहत दर्ज किए जाने वाले सभी अपराधों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करता है।ईडी ने कहा कि बिभु ने संपत्तियों का कम मूल्यांकन किया। इन गड़बड़ियों से आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी से जुड़ी निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा। इससे सरकार वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा क्कने आरोप लगाया कि बिभु ने इन लेन-देन को आसान बनाने के लिए राजनीति की बड़ी हस्तियों के साथ साजिश रची। क्कके आरोपों को लेकर पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हाईकोर्ट में अधिकारी बोले- मैंने जो भी किया अपने अधिकार क्षेत्र में किया 2019 में यह मामला जब हाई कोर्ट पहुंचा था तब आईएएस अधिकारी बिभु की ओर से तर्क दिया गया कि उन्होंने जो भी एक्शन लिया वह अपने आधिकारिक क्षमता के अधीन लिया था। बिभु ने कोर्ट में कहा था कि उनपर केस चलाने से पहले सीआरपीएफ की धारा-197 के तहत सरकार की कंपिटेंट अथॉरिटी से मंजूरी लेना जरूरी है।

## सीएम भजनलाल की जमानत निरस्त करने का प्रार्थना-पत्र खारिज

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अदालत की अनुमति के बिना विदेश यात्रा पर गए सीएम भजनलाल शर्मा को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए लगाए गए प्रार्थना पत्र को अदालत ने खारिज कर दिया हैं। जयपुर जिले की एडीजे-4 अदालत ने सांवरमल चौधरी द्वारा पेश किए गए प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए कहा कि प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। पार्थी इस मामले में पीड़ित नहीं है, ना ही उसे इस मामले में कोई नुकसान या हानि हुई हैं। ना ही उसका कोई हित प्रभावित हुआ हैं। ऐसे में यह प्रार्थना पत्र अस्वीकार करते हुए खारिज किया जाता हैं। मामले मे सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से अधिवक्ता अश्विनी बोहरा ने भी पैरवी करते हुए प्रार्थी को प्राइवेट व्यक्ति बताते हुए प्रार्थना पत्र का विरोध किया था। दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा गोपालगढ़ दंगा मामले में अग्रिम जमानत पर हैं। कोर्ट ने जमानत देते समय उन पर शर्त लगाई थी कि वे विदेश यात्रा पर जाने से पहले कोर्ट से अनुमति लेंगे। लेकिन सीएम बिना अनुमति ही दक्षिण कोरिया और जापान के दौरे पर चले गए थे। इसके बाद सांवरमल चौधरी ने अदालत में प्रार्थना पत्र लगाया था। सांवरमल चौधरी ने अदालत में 12 सितम्बर को प्रार्थना पत्र दायर करके कहा था कि गोपालगढ़ दंगा मामले में सीएम भजनलाल शर्मा, मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, पूर्व मंत्री जाहिदा खान सहित अन्य प्रभावशाली लोग आरोपी है। सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। केन्द्र में भी बीजेपी की सरकार हैं। सीबीआई केन्द्र सरकार के अधीन हैं। ऐसे में अभियोजन और सीबीआई इनका अप्रत्यक्ष रूप से सहायता कर रही हैं। उन्होने कहा कि एक तरफ तो इस प्रार्थना पत्र पर सीबीआई कोई जवाब नहीं देती हैं। वहीं दूसरी तरफ अन्य आरोपियों की ओर से प्रार्थना पत्र लगाया जाता है कि अदालत बिना अनुमति विदेश जाने की शर्त को हटाए। उस पर सीबीआई शर्त हटाने का विरोध करते हुए कहती है कि अगर शर्त हटाई जाती है तो आरोपियों के फरार होने का खतरा है। इससे स्पष्ट है कि सीबीआई भेदभावपूर्ण कार्रवाई कर रही हैं। सीएम भजनलाल राइजिंग राजस्थान के तहत निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए 9 से 13 सितंबर तक दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर थे। बताया जाता है कि इसके लिए उन्होंने अदालत से पूर्व अनुमति नहीं ली थी।

### सुप्रिया बोलीं- पवार साहब राजनीति से कभी संन्यास नहीं लेंगे

## वे खाते-सोते, सांस लेते समय भी पॉलिटिक्स करते हैं, अजित से हाथ नहीं मिलाएंगे

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी- एनसीपी के चीफ शरद पवार ने 5 नवंबर को राजनीति से संन्यास लेने के संकेत दिए थे। इसके एक दिन बाद यानी बुधवार को उनकी बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि शरद राजनीति से सन्यांस नहीं लेंगे। सुप्रियां ने ‘द हिंदू’ के एक इवेंट में कहा- शरद पवार खाते-सोते और सांस लेते समय भी राजनीति करते हैं। वे राजनीति के बीना नहीं जी सकते। राजनीति उनके लिए सबसे बड़ा टॉनिक है और वे इसे इन्जॉय करते हैं। पवार साहब ने कहा था कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, इसका मतलब है कि वो लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसका मतबल ये नहीं कि वे राजनीति छोड़ देंगे। सिर्फ अजित पवार चाहते थे कि वे रिटायर हो जाए। उधर, अजित पवार को महाविकास अघाड़ी में शामिल करने और शरद गुट के साथ मिलाने को लेकर सुप्रिया ने कहा- अजित के साथ सुलह का सवाल ही पैदा नहीं होता। विधानसभा चुनाव के बाद भी हम उनके साथ हाथ नहीं मिलाएंगे। शरद पवार ने कहा था- कहीं तो रुकना पड़ेगा 84 साल के शरद पवार ने बारामती में 5 नवंबर को कहा, ‘कहीं तो रुकना ही पड़ेगा।

### सुप्रिया बोलीं- जो हमारे साथ हुआ, वह किसी के साथ न हो

महाराष्ट्र में पिछले सालों में जो कुछ हुआ, मैं नहीं चाहती की वो अब कभी हो। जो हमारी पार्टी के साथ हुआ, वो किसी भी पार्टी के साथ नहीं होना चाहिए। आज से एक साल पहले हमारी कोई पार्टी नहीं थी। कोई सिंबल नहीं था। हमसे सबकुछ ले लिया गया था जब मैंने चुनाव लड़ा, तब फाइट आसान नहीं थी। लड़ना जरूर था, लेकिन जीतना जरूरी नहीं था। महाराष्ट्र चुनाव में आज पॉलिसी को लेकर चर्चा नहीं हो रही। कोई इकोनॉमी, विमेंस सेफ्टी



पर चर्चा नहीं कर रहा है। लोग बोल रहे थे हमारी पार्टी खत्म हो गई है। हालांकि, मामला अभी भी कोर्ट में है। यह अब हमारे लिए न्यू नॉर्मल बन गया है। कभी ईडी, कभी एउत्र् कभी कोई और संस्था से लड़ना पड़ता है, लेकिन अब यह न्यू नॉर्मल है। इलेक्शन किसी को खुश करने के लिए नहीं होते हैं। यह पॉलिसी बनाने के लिए होते हैं। मेरी लड़ाई भाजपा के साथ है। अजित पवार अब भजपा के अलांयस में हैं, जो अच्छा काम नहीं कर रही है। मुझे अब चुनाव नहीं लड़ना है। अब नए लोगों को आगे आना चाहिए। मैंने अभी तक 14 बार चुनाव लड़ा है। अब मुझे सत्ता नहीं चाहिए। मैं समाज के लिए काम करना चाहता हूं। विचार करूंगा कि राज्यसभा जाना है या नहीं।‘ लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा को नुकसान का अनुमान महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भी अगर लोकसभा चुनाव जैसा ट्रेंड रहा तो भाजपा को नुकसान होगा। भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमटकर रह जाएगी। वहीं, विपक्षी गठबंधन के सर्वे में ख्रठ्ठइ को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है। इसके अलावा शिवसेना और गएघ्में तोड़फोड़ के बाद उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ लोगों की सिम्पैथी है।

### केरल में महिला कांग्रेस नेताओं के कमरों में छापेमारी

## पार्टी ने प्रदर्शन किया, कहा- पुलिस ने भाजपा नेताओं की तलाशी क्यों नहीं ली

■ संजीवनी टुडे

केरल। केरल उपचुनाव से पहले पुलिस ने मंगलवार देर रात महिला कांग्रेस नेताओं के कमरों में छापेमारी की है। चुनावी प्रचार के लिए पलक्कड़ आईं कांग्रेस नेता बिंदु कष्णा और शनिमोल उस्मान एक होटल में ठहरी थीं। इस दौरान पुलिस ने उनके कमरों मे तलाशी की। पुलिस को शक है कि चुनावी प्रचार में काले धन के इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि जांच में पुलिस को कुछ नहीं मिला है। इस छापेमारी का कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को इसके विरोध में पुलिस चीफ के ऑफिस के बाहर विरोध मार्च निकाला है। उन्होंने होटल के सीसीटीवी फुटेज के जांच की मांग की है। कांग्रेस का आरोप- भाजपा नेताओं के कमरों की तलाशी नहीं ली गई कांग्रेस ने आरोप लगाया कि होटल में भाजपा नेता भी मौजूद थे, लेकिन पुलिस ने उनकी तलाशी नहीं ली। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी के नेता होटल पहुंच गए थे। इससे पता चलता है कि दोनों पार्टियों के बीच संबंध है। पुलिस ने कहा - सभी पार्टी के नेताओं के कमरों की जांच की पुलिस ने बताया कि होटल के 12 कमरों की तलाशी ली गई है। यह एक रूटीन जांच थी, जिसमें सभी पार्टी के नेताओं के कमरों की जांच हुई है। केरल उपचुनावों के दौरान गड़बड़ी को रोकने के लिए होटलों और लॉज में तलाशी चल रही है। इससे पहले सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने बताया था कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, टख्रकऔर बसपा की मांग पर की गई है।

### बेनीवाल बोले- दिव्या मदेरणा बीजेपी के लिए वोट मांग रही

## पापा और दादाजी की तारीफें करती फिर रही है, उन्होंने किया ही क्या

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस की पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा पर पलटवार किया है। बेनीवाल ने कहा- मैं तो दुश्मनों की भी मदद करता हूं। महिपाल मदेरणा की बेटी दिव्या को भी मैंने बना दिया। जो फिरते हुए मेरे लिए कह रही है कि 4 बजे हनुमान घूम रहा है। क्यों नहीं घूमूंगा? मैं क्या ओसियां में घूम रहा हूं। क्या मैं 4 बजे तेरे घर पर आया था, दरवाजा बजाया था। बिना बात मेरे खिलाफ बकवास करती फिर रही है। नागौर सांसद ने कहा- मेरी विधानसभा क्षेत्र में मैं 4 बजे घूमूं या फिर 3 बजे किसी को क्यों तकलीफ है। चुनाव मैं लड़ रहा हूं, मेरे घर का सदस्य चुनाव लड़ रहा है तो फिर मैं जनता के बीच में क्यों नहीं घूमूंगा। मैं जोरदार लड़ाई लडूंगा। तुम भी घूमो न कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए, आखिर तुम क्यों नहीं घूम रहे कांग्रेसी प्रत्याशी के लिए, क्योंकि तुम तो बीजेपी के प्रत्याशी के लिए वोट मांग रही हो। तुम्हें शर्म तक नहीं आती है। वैसे तो कांग्रेस के आलाकमान बनते हो, लेकिन बीजेपी के लिए वोट मांग रहे हो।

### पापा और दादाजी ने किया ही क्या है



हनुमान बेनीवाल ने कहा- पापा जी (महिपाल मदेरणा) और दादाजी (परसराम मदेरणा) की तारीफें करते फिरती हो, लेकिन उन्होंने क्या किया है। आज तक गांव-ढाणी में पानी तक नहीं ला सके। ऐसे दादाजी को मैंने बहुत देख रखा है। इन लोगों ने नागौर और जोधपुर के लोगों को बर्बाद करके रख दिया। अगर समय रहते यहां नहरें आ जाती तो हमारे लोगों को मद्रास, महाराष्ट्र में लेबर का काम करने के लिए नहीं जाना पड़ता। आज हम लोगों के पास कुछ नहीं है। अगर कोई पूछे कि पांच लाख रुपए चाहिए तो इस ढाणी में कितने लोगों के पास 5 लाख रुपए है। मुझे पता है किसी के पास नहीं है। मुझे यह भी पता है कि आप लोगों को बर्बाद इन दोनों दादाओं ने किया है। इधर इनके दादाजी ने और उधर उनके दादाजी ने। दोनों ने मिलकर आप लोगों की रड़क निकाल दी है। बेनीवाल ने कहा- तुम कहां-कहां जा रहे हो, तुम्हारा क्या था। यह याद करते ही छोरे सीडी चलाते हैं, 50-50, 60-60 मिनट की। इतना सब होने के बाद तो कुएं में डूब कर मर जाना चाहिए।

## खबरें फटाफट

### विधानसभा उप चुनावः प्रथम रेण्डमाइजेशन आयोजित

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतगणना कार्मिकों, माईक्रो पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण एवं नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए प्रथम रेण्डमाइजेशन जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डूंगरपुर के कार्यालय में बुधवार को आयोजित किया गया। बैठक में विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर प्रणाली की जानकारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। तद्नुसार चुनाव आयोग जयपुर द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत डूंगरपुर जिले में नियुक्त कार्मिकों के विधानसभा क्षेत्र चौरासी के लिए नियमानुसार कार्मिकों के प्रशिक्षण एवं नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हनुमान सिंह राठौड़, रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी सीमलवाड़ा श्री कपिल कोठारी एवं जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डॉ. विपिन खन्ना सहित अन्य मौजूद रहे।

### दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित



फोटो- विकास चौधरी

■ संजीवनी टुडे

मावली। सांसद सीपी जोशी के 6नवम्बर के कार्यक्रम अनुसार बुधवार को मावली मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे दिव्यांग उपकरण चिन्हीकरण शिविर एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमे विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यर्ताओं शामिल हुए। जिसमे चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी मुख्यातिथि शामिल हुए। इस दौरान मावली भाजपा प्रभारी कृष्ण गोपाल पालीवाल, रोशन लाल सुथार, कैलाश गाडरी, जीत सिंह चूंडावत सहित मावली विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। तय कार्यक्रम के अनुसार दिव्यांग उपकरण चिन्हीकरण शिविर एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह के बाद सांसद सीपी जोशी उदयपुर रोड पर महावीर गों शाला उसके बाद चंदेसरा मे श्री चारभुजा जी मंदिर अन्नकूट महोत्सव में शामिल हुए।

### पुत्र को सरकारी नौकरी दिलाने की जिद ने टावर पर चढ़ा बुजुर्ग पिता


फोटो-विकास चौधरी

■ संजीवनी टुडे

मावली। कस्बे में गरियावस रोड स्थित एक मोबाइल के टावर पर एक बुजुर्ग चढ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर मे एक बुजुर्ग सोहन लाल पालीवाल उम्र65 वर्ष निवासी मावली मोबाइल के टावर पर चढ गया। आस पास के लोगो ने जब ये मामला देखा तो बुजुर्ग ने आपने पुत्र जितेंद्र पालीवाल को सरकारी नौकरी लगाने की मांग की। जिस पर लोगो ने मावली थाने मे सूचना दी। मौके पर थाने के जवान आए जिसमे एक जवान ने टावर पर चढ़कर बुजुर्ग से पूछा तो बताया कि उसका पुत्र जितेंद्र पालीवाल मावली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर संविदा कर्मचारी है जिसको कार्यकाल समाप्त होने से नौकरी से निकाल दिया गया। बुजुर्ग कि मांग है कि उसके पुत्र को सरकारी नौकरी दी जाए, पुलिस जवान ने समझाइश कर टावर से नीचे उतारा और घर भेजा।

### एडीजे ने किया उपकारागृह मावली का निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने उप कारागृह मावली का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, भोजन, नाश्ते, मुलाकात, स्वास्थ्य, एसटीडी आदि की जानकारी ली। वहीं एडीजे शर्मा ने मावली में समिधा संस्थान द्वारा संचालित अनुदानित बालक गृह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान निराश्रित बालको के चिकित्सा, भोजन, नाश्ते एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और निराश्रित बालको को बाल विवाह रोको अभियान, पॉक्सो कानून, गुड टच बैड टच, नालसा मोबाइल हेल्पलाइन आदि की जानकारियां दी।

# अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक व दोषी कार्मिकों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के आदेश

## मृत बालक के पिता को 5 लाख रुपए का अनुतोष , राज्य मानवाधिकार आयोग ने दिए प्रदेश भर में अस्पतालों की जांच का अभियान चलाने के निर्देश

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। भवानीमण्डी झालावाड़ में तकरीबन दो वर्ष पूर्व कथित तौर पर गलत उपचार से बालक की मौत के बहुचर्चित प्रकरण में राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला की एकलपीठ ने संबंधित अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक तथा अन्य दोषी कार्मिकों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही मृत बालक के पिता को 5 लाख रुपए की अनुतोष राशि का भुगतान तीन माह में करने के भी आदेश दिए। आयोग ने प्रदेश भर में अस्पताल की जांच कर मापदंडों की अवहेलना करते हुए संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

झालावाड़ जिले की पचपहाड़ तहसील अंतर्गत भवानीमण्डी निवासी आशीष पारेता पुत्र अमरलाल पारेता ने 6 फरवरी 2024 को राज्य मानवाधिकार आयोग को परिवाद प्रेषित किया। इसमें बताया कि गत 25 जनवरी 2023 को प्रार्थी के 8 वर्षीय पुत्र प्रहल को पेट दर्द की शिकायत पर भवानीमण्डी स्थित नवजीवन हॉस्पीटल ले गए। वहां बच्चों के डॉक्टर के संबंध में पूछने पर डॉ शैलेंद्र पाटीदार का वहीं होना बताते हुए डॉ कुलदीप सिंह ने भर्ती पर्ची बनवाकर इलाज शुरू किया। पूछने पर बताया गया कि डॉ शैलेंद्र आकर बच्चे को देख लेंगे। सुबह 8 बजे डॉ कुलदीप की जगह डॉ हरिवल्लभ आए और बच्चे का उपचार करने लगे। परिवाद में बताया कि डॉ हरिवल्लभ ने भी डॉ शैलेंद्र के बताए अनुसार ही उपचार किए जाने की बात कहीं, जबकि डॉ शैलेंद्र अस्पताल आए ही नहीं और न ही मरीज को देखा, परिजनों से भी



कोई बात नहीं की। परिवाद में आरोप लगाया कि सुबह 10.30 बजे डॉ हरिवल्लभ भी कहीं चले गए। बच्चे को संभालने वाला कोई नहीं था। बच्चे की तबीयत ज्यादा बिगड़ती चली गई। अस्पताल स्टाफ चिकित्सकों के कुछ ही देर में आने की बात कहता रहा। दोपहर 1.30 बजे डॉ हरिवल्लभ आए, उनसे पूछने पर उन्होंने बताया कि डॉ शैलेंद्र अवकाश पर हैं तथा अस्पताल नहीं आएंगे। परिवाद में बताया कि सुबह से झुठे बोलने और डॉक्टर की अनुपस्थिति में इलाज करने पर आपत्ति जताने पर बच्चे को अन्यत्र ले जाने को कह दिया। प्रार्थी बच्चे को गंभीर स्थिति में मेट्रो हॉस्पिटल ले गया। वहां की गई जांचों में बच्चे के किडनी, लीवर में संक्रमण होना पाया गया। डॉ गौरव जैन ने बच्चे की स्थिति को देखते हुए उसे बाहर ले जाने की सलाह दी। प्रार्थी निजी वाहन से बच्चे को कोटा ले जाने के लिए रवाना हुआ, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। परिवादी ने नवजीवन अस्पताल के प्रबंधन, चिकित्सक और स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने, अस्पताल की मान्यता रद्द करने की मांग रखी।

उक्त परिवाद पर प्रसंज्ञान देते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झालावाड़ को प्रकरण जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। जिला कलक्टर झालावाड़ के निर्देश पर उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की जांच में कई कमियां उजागर हुई। जांच में पाया गया कि नवजीवन अस्पताल में नियुक्त शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र पाटीदार 23 से 26 जनवरी 2023 तक अवकाश पर थे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने अवकाश प्रदर्शित नहीं करते हुए उनके नाम से फीस वसूली और मरीज को भर्ती भी किया। डॉ हरिवल्लभ एमबीबीएस चिकित्सक नहीं होकर बीएएमएस हैं, इसके बावजूद एलोपैथी पद्धति से बालक का उपचार किया। क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा के लिए एमबीबीएस चिकित्सक की उपलब्धता अनिवार्य है, लेकिन नवजीवन अस्पताल में 24 घंटे एमबीबीएस चिकित्सक उपलब्ध नहीं था। अस्पताल पर गंभीर प्रबंधकीय लापरवाही के चलते एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# राशन डीलर की मतदाता जागरूकता संबंधित बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा उप चुनाव के तहत रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत के निर्देशन में स्वीप प्रभारी एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार की अध्यक्षता में बुधवार को जिले के राशन डीलर के साथ बैठक आयोजित कर जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां एवं अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता के वीएचए एप, सी- विजिल एप, सक्षम एप, केवाईसी एप के डाउनलोड करने एवं उपयोग की जानकारी दी गई। बैठक में दिनेश चंद्र पाटीदार द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी एवं मतदाता शपथ दिलवाई गई साथ ही उन्होंने कहा कि राशन की दुकान पर आने वाले मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करे और अपने आस पास में भी मतदाताओं को अधिक से



अधिक मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए तथा 13 नवंबर को मतदान अवश्य करने के लिए निर्देशित किया विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, स्वीप प्रभारी एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार के निर्देशन में जिलेभर में स्वीप गतिविधियां जारी है। जिले की विभिन्न पंचायत समिति क्षेत्रों में राजीविका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वीप गतिविधिया, रैली, मतदान शपथ, मतदान का महत्व इत्यादि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा सभी से 13 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील की और रंगोली के माध्यम से मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया और वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी एप, सी विजिल एप आदि की जानकारी दी गई।

# ईवीएम कमीशनिंग निर्वाचन प्रणाली में महत्वपूर्ण प्रक्रिया है: सामान्य प्रेक्षक के. विवेकानंदन

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के तहत 13 नवम्बर को 251 मतदान केंद्रों पर आवंटित ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य बुधवार को भी जारी रहा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन ने ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि ईवीएम कमिशनिंग ईवीएम कमीशनिंग निर्वाचन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो मतदान प्रक्रिया की अखंडता और सटीकता सुनिश्चित करती है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की कार्यक्षमता को सत्यापित करने के लिए जांच और परीक्षणों की एक श्रृंखला शामिल होती है। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी कपिल कोठारी भी उपस्थित रहे। प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) जिला स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक वैभव पाठक ने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में



प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की जाती है। इस दौरान ईवीएम के सही कामकाज को सत्यापित करने के लिए पावर-ऑन, सेल्फ-टेस्ट, उम्मीदवारों के नाम और प्रतीकों का प्रदर्शन, वोटों का सटीक रिकॉर्डिंग, वोटर-वेरिफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) स्लिप का स्पष्ट प्रिंटिंग परीक्षणों की एक श्रृंखला शामिल होती है। रेंडमाइजेशन ईवीएम को मतदान केंद्रों को यादृच्छिक रूप से असाइन किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई विशिष्ट ईवीएम किसी विशेष उम्मीदवार या पार्टी के पक्ष में पूर्व-प्रोग्राम नहीं किया गया है। सीलिंग कमीशनिंग के बाद ईवीएम सील कर दिया जाता है। ईवीएम कमिशनिंग से मतदान शुरू होने तक की प्रक्रिया निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम एवं वीवीपीएटी की कमिश्निंग की जाती है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह काम किया जाता है।

# सलूम्बर विधानसभा उपचुनावः घर बैठे आई लोकतंत्र की गंगा, मतदान कर निभाया फर्ज

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले चिन्हित मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का प्रथम चरण जारी है। सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग के तीसरे दिन बुधवार को कुल 139 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। इस पर अब तक कुल 683 में से 374 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लिया है। प्रथम चरण 8 नवम्बर तक चलेगा। इधर, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने बुधवार को भी क्षेत्र में भ्रमण कर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के मतदान केन्द्र व झल्लारा चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं पंचायत समिति सलूंबर के सभागार में व्यय प्रेक्षक मनोज अग्रवाल ने एफएसटी व एसएसटी टीम की बैठक ली और चुनावी व्यय पर विशेष निगरानी रखने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग टीमों ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर पहुंच कर मत की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखते हुए उनसे मतदान कराया। घर बैठे मतदान का मौका मिलने से मतदाताओं को मानो घर बैठे लोकतंत्र की गंगा में डुबकी लगाने का अवसर मिलने जैसी खुशी हुई।



बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन की टीम का आभार व्यक्त किया। रिटर्निंग अधिकारी सलूम्बर पर्वत सिंह चुंडावत ने बताया कि बुधवार को 124 वरिष्ठ नागरिक तथा 22 दिव्यांगजन मतदाताओं की होम वोटिंग के लक्ष्य के मुकाबले क्रमशः 117 वरिष्ठ नागरिकों और 22 दिव्यांग सहित कुल 139 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। अब तक कुल 683 में से 374 मतदाताओं ने घर बैठे वोटिंग की है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं में से 5 का निधन हो चुका है तथा एक दिव्यांग सहित 9 मतदाता वोटिंग टीम के पहुंचने पर अपने-अपने घरों पर उपस्थित नहीं मिले थे। 9 एवं 10 नवम्बर को प्रस्तावित द्वितीय चरण में मतदान दल पुनः उक्त अनुपस्थित मतदाताओं के घर पर जाकर मतदान कराने का प्रयास करेंगे। दूसरी बार भी अनुपस्थित रहने वाले मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाएंगे। होम वोटिंग के प्रथम चरण के तहत गुरूवार को मतदान दल झाडोल, ढानी मेलाना, परसाद, डेलवास, सेपुर, नावडा, सुरखंड खेडा, देवली, एमनिया पाडला, इंटाली खेडा, बस्सी झुन्झावत, बस्सी जोयरा, खेराड, तुलसियों का नामला, बामनिया, रुआव, खीरावाडा, बिचली मंगरी, उथरदा, कराकली, गातोड, अमरपुरा, धावडिया, जवारडा, नयी झर, वेळवडी, पाराई सलुम्बर, गावड़ापाल, इसरवास, डईला, जैतपुरा व इडाणा पहुंच कर चिन्हित बुजुर्ग व दिव्यांगजनों से मतदान कराएंगे।

# चौरासी वि.स. क्षेत्र उपचुनाव-2024: 251 मतदान केन्द्रों पर 13 को होगा मतदान, 23 को आएंगे नतीजे

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के तहत 13 नवम्बर को होने जा रहे मतदान के लिए तैयारियां जोरों पर है। मंगलवार को एसबीपी कॉलेज में 251 मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए आवंटित और रिजर्व ईवीएम-वीवीपेट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य शुरू हुआ, जो 7 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन, व्यय प्रेक्षक श्री स्वप्निल शरद बावकर, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सेन ने एसबीपी कॉलेज में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम, मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण, मतदान दलों की रवानगी, आदर्श आचार संहिता की पालना, कानून व्यवस्था, सीसीटीवी सेंटर सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सामान्य प्रेक्षक श्री विवेकानंदन ने मतगणना हॉल, ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर आदि का निरीक्षण करते हुए पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश



धाकड़, एडिशनल एसपी अशोक मीणा, रिटर्निंग अधिकारी कपिल कोठारी, पीडब्ल्यूडी एईएन दीपिका पाटीदार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सेन ने ईवीएम रेंडमाइजेशन, ईवीएम स्टोरेज, होम वोटिंग, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग, सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों, आदर्श आचार संहिता की पालना, व्यय अनुवीक्षण, एरिया डोमिनेशन, माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती, लॉ एंड ऑर्डर सहित अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर प्रजेंटेशन दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र बल, होम वोटिंग, विभिन्न प्रकोष्ठ, व्यय अनुवीक्षण, रिजर्व सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य कार्यों के लिए कुल 445 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है, इनमें बस, मिनी ट्रक, पिकअप, जीप व अन्य वाहन शामिल हैं। सामान्य प्रेक्षक श्री विवेकानंदन ने जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित जिला स्तरीय एकीकृत नियंत्रण कक्ष का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया अनुवीक्षण प्रकोष्ठ में कार्मिकों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। एक-एक कर उपस्थित सभी कार्मिकों से संधारित किए जा रहे रजिस्टरों और रिकॉर्डिंग आदि की जानकारी ली। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, केबल और सोशल मीडिया पर प्रसारित राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल, शिकायत निवारण कंट्रोल रूम 1950, सामान्य नियंत्रण कक्ष में जाकर प्राप्त होने वाली शिकायतों और उनके निस्तारण की जानकारी ली। सभी प्रकोष्ठों को समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़ भी साथ थे।

## कलक्टर असावा का वंचित, जरूरतमंद, निर्धन पात्र बच्चों और व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का अभियान

# एक भी पात्र व्यक्ति की पेंशन रुकी तो तय होगी जवाबदेही: जिला कलक्टर

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में समस्त वंचितों को जोड़ने, पेंडिंग वेरीफिकेशन शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करने तथा पालनहार योजना में हर वंचित पात्र अनाथ बच्चे को जोड़ने को लेकर प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए वे लगभग डेढ़ महीने से निरंतर प्रयासरत हैं और लगातार समीक्षा कर रहे हैं जिसकी बदौलत निरंतर प्रगति बेहतर होती जा रही है। उनका प्रयास है कि आगामी 10 दिनों में यह कार्य शत प्रतिशत पूरा हो जाए और कोई भी पात्र वंचित न रहे। जिला कलक्टर असावा के इस अभियान के तहत लंबित कार्यों को निपटाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा के लिए उन्होंने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बुधवार शाम को ली जिसमें एडीएम, श्रम कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक, सभी एसडीओ, बीडीओ, नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारी, सीबीईओ आदि जुड़े।

जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि पालनहार के संबंध में पात्र बच्चों को फ़ॉर्म ऑनलाइन करते समय यह देखें कि सभी उपयुक्त डॉक्युमेंट अटैच हो ताकि किसी लापरवाही का खामियाजा बच्चे को न भुगतना पड़े। डॉक्युमेंट के अभाव में कई बार आवेदन निरस्त होते हैं जो ठीक नहीं है। निर्धन वर्ग के प्रति संवेदनशील रहते हुए हमें कार्य करना होगा। एक भी पात्र बच्चा वंचित नहीं रहना चाहिए। ऐसे ही उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के पेंडिंग वेरीफिकेशन का कार्य तेज गति से करते हुए पेंडेंसी क्लियर करने के निर्देश दिए। सभी बीडीओ से कहा कि अनावश्यक तकनीकी कारण बताते हुए आवेदनों को न लटकाएं और अगले दस दिन में सभी क्लियर करें। कई निर्धन लोग ऐसे हैं जिनका जीवन इसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर चलता है, इसलिए संवेदनशील रहें, प्रोएक्टिव रह कर कार्य संपादित करें। अगर किसी जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति की पेंशन अधिकारी की लापरवाही से बिना वेरिफिकेशन के बंद हो गई तो जवाबदेही तय होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लोगों को मृत बता कर पेंशन बंद की गई है उनका सर्वे-सत्यापन भी सभी बीडीओ करें



और देखें कि क्या किसी जीवित व्यक्ति को गलती से मृत तो नहीं बताया दिया गया है इस पर सभी बीडीओ ने अब तक हुई जांच की प्रगति से वीसी में जिला कलक्टर को अवगत कराया, जिस पर कलक्टर ने पेंडिंग जांच शीघ्र पूर्ण कर प्रमाण पत्र भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी जीवित व्यक्ति को मृत बताया कर पेंशन बंद की गई है तो वेरिफिकेशन करने वाले अधिकारी को इस संबंध में चार्जशीट सौंपी जाएगी, क्योंकि हम किसी पात्र से उसका हक नहीं छीन सकते। दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु आवेदनों के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिस पर कलक्टर ने कहा कि चार-पाँच ग्राम पंचायतों पर एक कैंप आयोजित कर टीम को गांवों में भेजें और आवेदक से मिल कर उसकी जांच करें और अगर वह दिव्यांग है तो प्रमाण पत्र जारी करें। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सक भी शिविर में पहुंचेंगे। कलक्टर ने यह भी कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करते समय पूरी जांच ठीक से कर लें और निष्ठा से यह कार्य पूर्ण करें। कलक्टर ने ऑटो स्वीकृत पेंशनों की पोस्ट ऑडिट का कार्य भी शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### बाल दिवस पर होगा विशेष कार्यक्रम

जिला कलक्टर ने यह भी बताया कि 14 नवंबर को बाल दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें पालनहार योजना से पात्र बच्चों को लाभान्वित जाएगा और प्रशासन प्रयास करेगा कि इस दिन तक जिले में एक भी पात्र अनाथ बच्चा इस योजना से वंचित न रहे। इसके अलावा स्कॉलरशिप संबंधी योजनाओं से भी बड़ी संख्या में बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान से जुड़े पुस्तिका का विमोचन कर बच्चों में वितरण किया जाएगा।

### पालनहार योजना में इस तरह मिलता है लाभ

पालनहार योजना के तहत अनाथ बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा आदि की व्यवस्था संस्थागत नहीं की जाकर समाज के भीतर ही बालक-बालिकाओं के निकटतम रिश्तेदार या परिचित व्यक्ति के परिवार में करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को पालनहार बनाकर राज्य की ओर से पारिवारिक माहौल में शिक्षा, भोजन, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता उप निदेशक जय प्रकाश चारण ने बताया कि योजना के तहत अनाथ बच्चे, न्यायिक प्रक्रिया से मृत्यु दण्ड, आजीवन कारावास प्राप्त माता-पिता की संतान, निराश्रित पेंशन की पात्र विधवा माता की अधिकतम तीन संताने, नाता जाने वाली माता की अधिकतम तीन संताने, पुनर्विवाहित विधवा माता की संतान, एड्स पीड़ित माता-पिता की संतान, कुष्ठ रोग से पीडित माताध्पिता की संतान, विकलांग माता-पिता की संतान, तलाकशुदा या परित्यक्ता महिला के बच्चे, सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की संतान पात्र हैं। अनाथ बच्चों की श्रेणी में 6 वर्ष तक के बच्चों को 1500 रुपए प्रतिमाह, 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 2500 रुपए प्रतिमाह लाभ लाभ मिल रहा है। ऐसे ही अन्य श्रेणी के बच्चों को 6 वर्ष तक 750 रुपए, 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 1500 रुपए प्रतिमाह लाभ का लाभ दिया जाता है।

## खबरें फटाफट

### रिक्त सीटों पर ऑफलाईन प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ । राजकीय महाविद्यालय राजगढ में सत्र 2024-25 में स्नातक पार्ट प्रथम में ऑफलाईन प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना ने बताया कि बी.ए. प्रथम वर्ष में 196, बी.एससी (गणित) प्रथम वर्ष में 87 एवं बी. कॉम प्रथम वर्ष में 100 सीटें रिक्त है। अतः उक्त संकायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 11 नवंबर 2024 तक महाविद्यालय में ऑफलाईन आवेदन कर शुल्क जमा करवाये ।

### कोटखावदा में द्वितीय श्री श्याम भजन संध्या का आज होगा आगाज



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। कोटखावदा तहसील क्षेत्र में आज श्री श्यामसखा परिवार संघ की तरफ से द्वितीय श्री श्याम भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन आज बालाजी पैराडाइज एंड रिजॉर्ट लालसोट बायपास रोड पर शाम 7 बजे से आगाज होगा वहीं श्री श्यामसखा विशाल भजन संध्या में दर्जन भर ज्यादा श्याम प्रेमी भजन गायक कलाकार कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देंगे वही श्याम प्रेमियों के मन मोह लेंगे आसपास क्षेत्र में हजारों की संख्या में श्याम भगत भजन संध्या में भजनों का आनंद लेंगे वही विधायक रामावतार बैरवा सहित कई संत महात्मा भी भजन कार्यक्रम स्थल पर आगमन होगा वही श्यामसखा परिवार संघ की तरफ से भजन संध्या को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है ।

### जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य का गुलाबी नगरी जयपुर की पावन धरा पर आगमन



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां बुधवार को रामाज कुर्तिस और रिसोर्ट के एमडी मोहित टेलर ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को भगवान श्री राम की बनी छवि भेट की गई है और वही चित्रकूट में तुलसी पीठ की स्थापना करने वाले रामभद्राचार्य विश्व के पहले दिव्यांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन कुलाधिपति है । रामभद्राचार्य संस्कृत, हिंदी, अवधी व मैथिली सहित कई भाषाओं के जानकारी भी हैं।

### होनहार छात्राओं को साइकिल किया वितरण



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ोदिया में सुन्दर मन बाल विद्या मंदिर शिक्षा संस्थान में बुधवार को प्रतिभाशाली बच्चों को साइकिल व सभी बच्चों को निशुल्क शूज व जूराफ दिए गए। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट मुख्य अतिथि अग्निता (नीदरलैंड) रही? है वहीं विद्यालय में मराईन ,पॉल, इनिका, अर्जून, योस्ट, बाबरा, फूलचंद (नीदरलैंड) निवासियों का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। वहीं कक्षा 3? से 8 वीं तक के 15 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान 200 बच्चों को जूते पहनाए गए? और वहीं राजू सैनी, माया सैनी, नवरत्न सैनी ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया? गया है और इस दौरान अशोक प्रजापत, संतोष शर्मा, बरखा सैनी, रिंकू जांगिड़, प्रियंका सैनी, रिमझिम राठोड़, किरण राजावत, मनिषा गुर्जर, कमलेश प्रजापत सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान पिछले साल उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपहार भी दिया गया। वहीं इस दौरान साइकिल लेकर छात्र छात्राओं को चहरे खिलते नजर आए थे।

# विधिक सेवा सप्ताह के तहत शिविर में विद्यार्थियों को दी विधिक जानकारी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार मनाये जा रहे विधिक सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को रीको एरिया में स्थित ओरेंज काउंटी स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद द्वारा विधिक सेवा शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में प्राधिकरण के सचिव श्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष 09 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। जिसके उपलक्ष्य में विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन दिनांक 05.11.2024 से दिनांक 12.11.2024 तक किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कमजोर एवं गरीब तबके के लोगों को विधिक जागरूकता, कानूनों की जानकारी



एवं अधिक के अधिक आमजनों के मध्य विधिक चेतना का प्रचार-प्रसार करना है। जिसमें विधिक सेवा से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी, मध्यस्थता कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, लोक अदालत, वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार, पॉश एक्ट एवं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। इस दौरान असिस्टेंट एलएडीसी श्रीमती ऋतु शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों सहित बाल विवाह के रोकथाम के प्रयास, बाल विवाह निषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधान, तम्बाकू अथवा अन्य नशीली वस्तुओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी प्रदान की। असिस्टेंट एलएडीसी श्री प्रखर खण्डेलवाल ने विद्यार्थियों को बच्चों से संबंधित कानूनी जानकारी सहित न्याय व्यवस्था की कार्यप्रणाली को सरल तरीके से समझाया। असिस्टेंट एलएडीसी श्री प्रभाव सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से होने वाले दुष्प्रभाव, भारतीय संविधान की सामान्य जानकारी, नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में निजी सहायक श्री सागर वर्मा, प्रिंसीपल श्री सुमित गोयल व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# न्यायाधीश ने किया सखी सेंटर का मासिक निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। राघवेन्द्र काछवाल, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के निर्देशानुसार श्री संतोष अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, (अपर जिला न्यायाधीश) राजसमंद द्वारा आर.के. अस्पताल में संचालित वनस्टॉप सेंटर का दिनांक 06.11.2024 को मासिक निरीक्षण किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में सेंटर में एक बालिका आवासरत है किन्तु वक्त निरीक्षण उक्त बालिका का बयान हेतु जाना बताया। सेंटर पर आश्रयरत महिलाओं/बालिकाओं के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं यथा साबुन, तेल, टूथपेस्ट इत्यादि उपलब्ध होना बताया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वन स्टॉप सेंटर पर कुल 15 कार्मिकों की संख्या है जिनमें से 4-4



कार्मिकों की ड्यूटी शिफ्टवार लगायी जाती है। गृह में आश्रयरत बालिकाओं हेतु भोजन की आवश्यकता होने पर भोजन अन्नपूर्णा रसोई से मंगवाना बताया। गृह में फर्स्ट एड बॉक्स सुविधा उपलब्ध है। सेंटर पर सुरक्षा हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में पाये गये एवं स्वच्छ पेयजल हेतु कैंपर की सुविधा उपलब्ध है। वक्त निरीक्षण सखी सेंटर प्रभारी, सुनीता खटीक उपस्थित मिली।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण का किया निरीक्षण




■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह ने बुधवार को वीर बाला कालीबाई राजकीय कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर में मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में मतदान अधिकारियों की बहुत संवेदनशील भूमिका है और इसमें पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न करवाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम सबकी भूमिका इसी अनुरूप तय की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों से मतदान से जुड़ी बारीकियों पर प्रश्न पूछे और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। जिला स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक वैभव पाठक एवं ललित कुमार जोशी, विमल साद, फूलशंकर त्रिवेदी, दुष्यंत पण्ड्या और शैलेंद्र रावल, रवि कुमार सहित अन्य प्रशिक्षकों ने लगभग 250 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पीपीटी के माध्यम से मॉक पोल, ईवीएम प्रोटोकॉल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चौरासी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 251 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किए जाने वाले मतदान अधिकारियों और रिजर्व मतदान अधिकारियों को मिलाकर कुल 1300 मतदान अधिकारियों को 8 नवम्बर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## 11 नवम्बर को शाम 6 बजे से 13 नवम्बर को शाम 6 बजे तक साइलेंस पीरियड घोषित

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि को साइलेंस पीरियड घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान चौरासी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 नवम्बर को शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति अवधि 13 नवम्बर को सायं 6 बजे तक साइलेंस पीरियड प्रभावी रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति साइलेंस पीरियड के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा न आयोजित करेगा न उसमें उपस्थित होगा न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा या चलचित्र, टेलीविजन के द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रदर्शन नहीं करेगा या कोई संगीत समारोह या कोई नाट्स अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। इसका उल्लंघन करने पर कारावास की अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय होगा। कोई भी राजनीतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है, वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद नहीं ठहर सकता।

# राजपूत समाज सिरोही -पाली का वार्षिक सम्मेलन पिण्डवाडा में 10 को, तैयारीयां जोरो पर



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा। शहर के समीपवर्ती अजारी फोरलेन हाईवे पर स्थित पधारो गार्डन में आगामी दस नवम्बर को अपना राजपूत सेवा संस्थान के तत्वाधान में भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारीयां जोरो पर है तथा कार्यक्रम को लेकर लाभ पंचमी के मौके पर आमंत्रण-पत्रिका का वितरण शुरू किया गया। अपना राजपूत सेवा संस्थान के अध्यक्ष अश्विनसिंह चौहान ने बताया कि राजपूत समाज सिरोही और पाली जिले का संयुक्त समाज के सम्मेलन में तकरीबन 2000 से 2500 क्षात्र-क्षत्राणियां सम्मिलित होंगी। सम्मेलन के दरम्यान सामाजिक उत्थान एवं विकास को लेकर व्यापक स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, साथ ही समाज के प्रतिभावान राजपूत छात्र, छात्राओं, खेलकूद में राजपूत समाज का नाम रोशन करने वाले और सरकारी सेवाओं में उच्च पद पाने वाले युवाओ और समाज में सदैव अग्रणी रहने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया जायेगा। कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने हेतू सम्मेलन प्रबंधन कमेटी के सदस्यगण जुटे हुए है। तथा लाभ पंचमी के मौके पर सम्मेलन की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन एवं वितरण शुरू किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध सदस्य जयसिंह राठौड, चंदनसिंह, थानसिंह राठौड, भोपालसिंह गेहलोत, इंद्रसिंह देवडा, रामसिंह सिसोदिया, दलपतसिंह परमार, भवानीसिंह चौहान, दिनेशसिंह बारड, जब्बरसिंह परमार, राजेन्द्रसिंह बोराणा, जोरावरसिंह सिसोदिया, मोहब्बतसिंह सिसोदिया, नारायणसिंह राठौड, प्रवीणसिंह चौहान, गंगासिंह पडिहार, उत्तमसिंह सिसोदिया, रूपसिंह राठौड, युवराजसिंह चौहान, उत्तमसिंह भाटी, मगनसिंह सोलंकी, हेमंतसिंह परमार, राजेन्द्रसिंह चौहान, रतनसिंह सोढा, सूरजसिंह पंवार, भीमसिंह पंवार आदि राजपूत बन्धु पुरजोर तैयारियों में लगे हुए हैं।

# शिवम मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल का हुआ भव्य शुभारम्भ



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा। नगर के हाऊसिंग बोर्ड कॉलौनी के मुहाने पर नवमिर्मित शिवम मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारम्भ मंहत लहर भारती महाराज सुरजकुण्ड मठ बडगांव,मंहत नगाराम महाराज भिडाना मठ के पावन सानिध्य एवं क्षैत्रीय सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस उपअधीक्षक भंवरलाल चौधरी के विशिष्ठ आतिथ्य में वैदिक पुजा अर्चना के साथ किया गया। शिवम् मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.एसआर चौधरी ने बताया कि इस हॉस्पिटल में स्त्री एवं प्रसूति रोग, सोनोग्राफी, दंत रोग, गायनेक एवं जनरल सर्जरी सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों के ऑब्जरवेशन में उपचार की कई सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। हॉस्पिटल में गायनिक, दंत रोग, सर्जरी आदि विभाग सहित रंगीन सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कंप्यूटराइज लेबोरेटरी, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर की सुविधाएं और ईसीजी आदि की सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर डॉ. अजबाराम चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संध्या चौधरी,चेलाराम चौधरी सांचौर-उपाध्यक्ष, आंजणा समाज जागृति मंच शिकारपुरा, डा.एस एल विश्नोई निर्देशक शिवम डेन्टल हॉस्पिटल,जीवाराम नांदिया, हुकमाराम गुडामालानी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरचन्दराम चौधरी सांचौर, डा.धनजंय नामदेव, डा.प्रहलाद पटेल, वात्सल्य हॉस्पिटल से डा.सोहनलाल गर्ग, गेटवेल हॉस्पिटल से डा. हिराराम देवासी, रमेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गहलोत,गुणवंत पटेल, रामचन्द्र गोदारा,गोविन्द जाट,गोमती चौधरी,पार्षद रतनचंद जैन,सोना शाबरी,जगदीश खण्डेलवाल,राजेन्द्रसिंह घडिया,पुष्पा रानी सहित सैकडो लोगो की मौजूदगी रही।

## राजसमंद वृहद सिंचाई परियोजना की जल वितरण समिति की बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। राजसमंद वृहद सिंचाई परियोजना से वर्ष-2024 रबी फसल जल वितरण उपयोग समिति की बैठक मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में राजसमंद प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, जल संसाधन खंड के अधिशाषी अभियंता प्रतीक चौधरी, नगर परिषद अधिशाषी अभियंता तरुण बाहेती, कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन आदि उपस्थित रहे। जल संसाधन खंड के अधिशाषी अभियन्ता प्रतीक चौधरी ने बैठक में बताया कि राजसमंद बांध इस जिले की सबसे बड़ी एवं एकमात्र वृहद सिंचाई परियोजना है। इस बांध की कुल जल भराव क्षमता 30 फीट गेज पर 3786 मीटर घन फुट है। बांध की दो मुख्य नहरें (बायीं और दायीं) बनी हुई है। नहर प्रणाली की कुल लम्बाई लगभग 162 किमी है। मंगलवार तक बांध का गेज 28 फीट एवं भराव क्षमता 3400 एमसीएफटी है। चौधरी ने बताया कि बांध से कमांड क्षेत्र के काश्तकारों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिंचित क्षेत्र में 1 रेलनी और 3 पाण पानी की सिंचाई सुविधा मुहैया होगी। रेलणी के तहत बाई नहर 28 दिन और दाई नहर 32 दिन चलेगी। प्रथम पाण के तहत बाई नहर 26 दिन व दाई नहर 30 दिन चलेगी। द्वितीय पाण के तहत बाई नहर 26 दिन व दाई नहर 30 दिन चलेगी। ऐसे ही तृतीय और अंतिम पाण के तहत बाई नहर 28 दिन और दाई नहर 32 दिन चलेगी। बैठक में सर्वसम्मति से 6 नवंबर को दायीं मुख्य नहर और 8 नवंबर को बायीं मुख्य नहर खोला जाना तय हुआ। बांध का गेज 11 फीट आने पर नहरों को बंद किया जाएगा। आपसी विवाद होने पर सर्वप्रथम ग्राम पंचायत द्वारा अनुमोदित कमेटी द्वारा समाधान करवाना होगा।

# मोटर साईकिल पर 1 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कोतवाली चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चित्तौड़ीखेड़ा सरहद में नाकाबंदी के दौरान मोटर साईकिल पर अफीम की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलो 800 ग्राम अवैध अफीम व मोटर साईकिल को जब्त की है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया की जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कार्यवाही के तहत एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी चित्तौड़गढ़ विनय चौधरी के निर्देशन में एसएचओ कोतवाली संजीव स्वामी पु. नि. के नेतृत्व में थाने के राजाराम उ.नि. व जाप्ता कानि. धर्मेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, राजेश कुमार व मुकेश कुमार द्वारा चितौड़ीखेड़ा हाईवे रोड़ पुलिया पर नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान चितौड़ीखेड़ा हाईवे रोड़ पुलिया के पास खेल मैदान के सामने घटियावली रोड़ सरहद चितौडीखेड़ा में दो संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकिल पर बैठकर आते हुऐ नजर आए, जिन्हें पुलिस जाप्ता द्वारा रोका और संदिग्ध होने पर मोटर साईकिल की तलाशी ली गई तो मोटर साईकिल की डिग्गी में एक पॉलिथीन की पारदर्शी थैली में 1 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम मिली। उक्त अवैध अफीम व मोटर साईकिल को जब्त कर आरोपी अरनोदा पुलिस थाना सदर निम्बाहेड़ा निवासी 22 वर्षीय कन्हैयालाल पुत्र प्रभुलाल गायरी व उसके साथी रोजड़ा पुलिस थाना कोतवाली चितौड़गढ़ निवासी 27 वर्षीय पप्पूगिरी पुत्र नन्दगिरी गोस्वामी को गिरफ्तार कर एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# अनाथ बच्चों के लिये जरूरी सामग्री वितरित की

■ संजीवनी टुडे

बसवा। सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम ने बसवा तहसील के अनेक गांव ढाणियों में टीम अध्यक्ष पिंटू कुमार ऐचेडी व उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा चांदेरा के सानिध्य में अनाथ बच्चों को कपड़े और मिठाईयां बांटी। इससे बच्चे बहुत प्रफुल्लित हुए और बच्चों को शिक्षा के प्रति मोटिवेशन किया। मिडिया को सुखदेवा गुरुजी ने बताया कि दिवाली के दौरान तीन चार रोज में इन गरीब , अनाथ बच्चों के लिए सामग्रियां वितरित की ।इस कार्य में पिंटू कुमार ऐंचेडी पीएचईडी विभाग जयपुर,विष्णु शर्मा चांदेरा उपाध्यक्ष, नरसी रेलवे जगसोली कोषाध्यक्ष, सुखदेवा मास्टर करनावर,मुकेश तलाई करनावर, रतिराम धपावन खुर्द, दुलाराम रेहड़िया दिल्ली पुलिस, सीताराम आसन, शिव लाल भरवा नांगल,एम.के सौगुण,हरिओम जरासी बसवा, महेश बैरवा प्रॉजेक्ट मैनेजर चांदेरा,कमलेश रेलवे रामपुरा, लक्ष्मी नारायण बलाई, संतोष झरवाल बसवा,



विश्राम ठेकेदार चांदेरा,बाबूलाल गाडंडी, मुंशी टी स्टॉल आदि का सराहनीय योगदान रहा। टीम के द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण, शैक्षणिक क्षेत्र,बेजुबान जानवरों की सेवा, गरीब पीड़ित परिवारों की सहायता आदि कार्यो से प्रभावित होकर अध्यक्ष के विभाग के अधिकारियों ने टीम के इन नेक कार्यों के लिए योगदान कर अपनी सहभागिता निभाई। टीम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने सराहना की। इस अवसर पर टुंडाराम मीना पंचायत समिति सदस्य, सियाराम मीना,अजय रेहडिया, मातादीन प्रजापत,बलवीर गुर्जर, सीमा बलाई, छोटी देवी बलाई,सोनू सिंह राजपूत व टीम के गणमान्य सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# 60 दिन की बेतरतीब जीवनशैली के प्रयोग ने बिगाड़ी सेहत: शर्मा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। डाइटिशियन रजत शर्मा ने बेतरतीब जीवन शैली, बिना व्यायाम और अपौष्टिक भोजन को लेकर स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को लेकर अनुभव शेयर किए। वे आज मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने 60 दिनों तक एक सामान्य जीवनशैली अपनाई। इस प्रयोग का उद्देश्य यह जानना रहा कि रोजमर्रा की आदतें हमारे स्वास्थ्य पर कैसे असर डालती हैं। स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ते मामलों पर चिंतित डाइटिशियन रजत जैन ने एक अनोखा प्रयोग करने का निर्णय किया, जिसमें उन्होंने 60 दिनों तक एक सामान्य जीवनशैली अपनाई। इस प्रयोग का उद्देश्य था यह जानना कि रोजमर्रा की आदतें हमारे स्वास्थ्य पर कैसे असर डालती हैं। डाइटिशियन रजत जैन ने बताया कि वह पहले एक नियमित स्वास्थ्य और फिटनेस रूटीन का पालन करते थे। इसके इतर उन्होंने 60- दिन के




प्रयोग में उन आदतों को अपनाया, जिन्हें अधिकतर लोग अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा मानते हैं। इस दौरान उन्होंने अनियमित खानपान, व्यायाम की कमी, और सामान्य भोजन पर आधारित डाइट को अपनाया, जिसे ज्यादातर लोग स्वास्थ्यवर्धक मानते हैं। उन्होंने बताया कि पहले मेरा सुबह का नाश्ता प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता था, वहीं अब मैंने अक्सर सिर्फ चाय और बिस्किट के साथ अपना दिन शुरू किया। दोपहर में भी कभी-कभी भोजन छोड़ देता था या अनियमित समय पर खाता था। शाम को स्नैक्स के नाम पर मैंने फिर से चाय या भारी नाश्ता कर लिया। रात के खाने में बिना किसी पोषण योजना के मैंने कई बार बाहर का खाना खाया। उनके स्वास्थ्य पर इस जीवनशैली के नकारात्मक प्रभाव तेजी से दिखने लगे। उनके अनुसार 60 दिनों के बाद उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति में कई नकारात्मक बदलाव आए। रजत ने बताया कि इससे उनका वजन 63.3 किलो से बढ़कर 70.8 किलो हो गया। इसके अलावा शुगर और लिपिड प्रोफाइल के स्तर भी बढ़ गए। कई बार थकान महसूस होने लगी। एनर्जी लेवल दिन के अंत तक पूरी तरह से खत्म हो गया। उन्होंने बताया कि इस अनियमित जीवनशैली ने उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाला। पहले मैं दोस्तों से मिलना पसंद करता था, लेकिन अब वह भी कम हो गया।

सम्पादक की कलम से....
## सम्पादकीय

# जलवायु परिवर्तन समस्या के खिलाफ भारत जैसे गंभीर कदम बाकी देश भी उठाएं




जलवायु परिवर्तन पर हुए पेरिस समझौते के अन्तर्गत, संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी सदस्य देश इस बात पर राज़ी हुए थे कि इस सदी के दौरान वातावरण में तापमान में वृद्धि की दर को केवल 2 डिग्री सेल्सियस तक अथवा यदि सम्भव हो तो इससे भी कम अर्थात 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोक रखने के प्रयास करेंगे। उक्त समझौते पर समस्त सदस्य देशों ने, वर्ष 2015 में हस्ताक्षर किए थे। परंतु सदस्य देश, इस समझौते को लागू करने की ओर कुछ कार्य करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसी कारण को ध्यान में रखते हुए एवं सदस्य देशों से यह उम्मीद करते हुए कि वे जलवायु परिवर्तन सम्बंधी अपने वर्तमान लक्ष्यों को और अधिक बढ़ाने की घोषणा करेंगे, संयुक्त राष्ट्र संघ ने जलवायु परिवर्तन पर एक शिखर सम्मेलन का आयोजन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में दिनांक 23 सितम्बर 2019 को किया। इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत नवी ऊर्ज़ा उत्पादन सम्बंधी अपने वर्तमान लक्ष्य 175 क्क्ड को दुगने से भी अधिक बढ़ाकर 450 क्क्ड करने का नया लक्ष्य निर्धारित करता है। माननीय प्रधान मंत्री महोदय ने सभी सदस्य देशों का आह्वान किया कि जलवायु परिवर्तन सम्बंधी समस्या पर अपनी सोच में व्यावहारिक परिवर्तन लाएँ एवं इसे एक जन आंदोलन का रूप दें।

कई अनुसंधान प्रतिवेदनों के माध्यम से अब यह सिद्ध किया जा चुका है कि वर्तमान में अनियमित हो रहे मानसून के पीछे जलवायु परिवर्तन का योगदान हो सकता है। कुछ ही घंटों में पूरे महीने की सीमा से भी अधिक बारिश का होना, शहरों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होना, शहरों में भूकम्प के झटके एवं साथ में सुनामी का आना, आदि प्राकृतिक आपदाओं जैसी घटनाओं के बार-बार घटित होने के पीछे भी जलवायु परिवर्तन एक मुख्य कारण हो सकता है। एक अनुसंधान प्रतिवेदन के अनुसार, यदि वातावरण में 4 डिग्री सेल्सियस से तापमान बढ़ जाये तो भारत के तटीय किनारों के आसपास रह रहे लगभग 5.5 करोड़ लोगों के घर समुद्र में समा जाएँगे। साथ ही, चीन के शाँघाई, शाँटोयु, भारत के कोलकाता, मुंबई, वियतनाम के हनोई एवं बांग्लादेश के खुलना शहरों की इतनी ज़मीन समुद्र में समा जाएगी कि इन शहरों की आधी आबादी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। वेनिस एवं पीसा की मीनार सहित यूनेस्को विश्व विरासत के दर्जनों स्थलों पर समुद्र के बढ़ते स्तर का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी एक प्रतिवेदन के अनुसार, दुनिया में बढ़ते तापमान का विश्व की अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव हो रहा है। पिछले 20 वर्षों के दौरान जलवायु सम्बंधी आपदाओं के कारण भारत को 7,950 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक़सान हुआ है। जलवायु सम्बंधी आपदाओं के चलते वर्ष 1998-2017 के दौरान, पूरे विश्व में 290,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक़सान हुआ है। सबसे ज़्यादा नुक़सान अमेरिका, चीन, जापान, भारत जैसे देशों को हुआ है। बाढ़ एवं समुद्री तूफ़ान, बार-बार घटित होने वाली दो मुख्य आपदाएँ पाईं गईं हैं। उक्त अवधि के दौरान, उक्त आपदाओं के कारण 13 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई एवं कुल मिलाकर 440 करोड़ लोग इन आपदाओं से प्रभावित हुए हैं। उक्त वर्णित आँकड़ों से स्थिति की भयावहता का पता चलता है। अतः यदि हम अभी भी नहीं चेते तो आगे आने वाले कुछ समय में इस पृथ्वी का विनाश निश्चित है। जलवायु परिवर्तन की समस्या तो हम पिछले 50 सालों से महसूस कर रहे हैं, लेकिन पिछले 20-25 वर्षों से इस सम्बंध में केवल बातें ही की जा रही हैं, धरातल पर ठोस कार्यवाही कहीं कुछ भी दिखाई नहीं दे रही है। प्रथम विद्युत चलित कार अमेरिका में, आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व चलाई गई थी, परंतु फिर भी आज हम जीवाश्म ईंधन पर ही निर्भर हैं। यदि इसी स्तर पर हम जीवाश्म ईंधन का उपयोग करते रहे तो वह दिन ज़्यादा दूर नहीं जब हम पूरी पृथ्वी को ही जला देंगे। यहाँ यह प्रसन्नता का विषय है कि जी20 के सदस्य देशों में केवल भारत ही एक ऐसा देश पाया गया है, जो जलवायु परिवर्तन सम्बंधी किए गए अपने वायदों को निभाने की ओर संतोषप्रद रूप से कार्य करता दिख रहा है। यह आँकलन एक अंतरराष्ट्रीय मूल्याँकन संगठन द्वारा किया गया है। भारत तेज़ी से सौर ऊर्ज़ा एवं वायु ऊर्ज़ा की क्षमता विकसित कर रहा है। उज्ज्वला योजना एवं एलईडी बल्ब योजना के माध्यम से तो भारत पूरे विश्व को ऊर्ज़ा की दक्षता का पाठ सिखा रहा है। ई-मोबिलिटी के माध्यम से वाहन उद्योग को गैस मुक्त बनाया जा रहा है। बायो ईंधन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, पेट्रोल एवं डीज़ल में ईथनाल को मिलाया जा रहा है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# भ्रष्टाचार पर नकेल - डी. बी. टी. विज़न

डीबीटी विज़न शासन की एक व्यवस्था सिद्ध हो रही है जो निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशल और विश्वसनीय तरीके से पात्र व्यक्तियों और परिवारों के अनुकूल सरकार और जनता के लिए एक सेतु का निर्माण करती है । सरकार द्वारा विभिन्न समाज कल्याण लाभकारी योजनाओं में सुधार की पहल और दोहराव पर अंकुश लगाना, लाभार्थी का सटीक लक्ष्यीकरण और भुगतान में देरी को कम करना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है, जिसके लिए लाभार्थिंयों का आधार लिंक बैंक खाता खोलना अनिवार्य रखा गया है। शासन द्वारा जन धन आधार मोबाइल (ख्ड्ढख्र) त्रिशक्ति के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू करना उद्देश्य है। जन धन आधार, मोबाइल कैशलेस और समय पर सामाजिक सुरक्षा लाभों के हस्तांतरण के लिए इस प्रणाली को सक्षम बना रहा है। कोरोनाकाल के लाकडाउन काल में प्रत्यक्ष लाभ हस्तातरण प्रणाली द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी लाभ एवं विभिन्न पैकेज के अंतर्गत आबंटित राशी को घर बैठे लाभार्थी के सीधे खाते में ट्रान्सफर करने की अपनी शक्ति का एहसास करवा दिया।प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली सरकार की एक बड़ी सुधार पहल है ताकि शासन से लोगों को बेहतर और समय पर सरकारी लाभ वितरण सुनिश्चित किया जा सके। यह सीधे लाभार्थिंयों के बैंक खातों में मजदूरी भुगतान, ईंधन सब्सिडी, खाद्य अनाज और पेंशन लाभ पहुंचाने की एक सुधारात्मक व्यवस्था है क्रराष्ट्रीय समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार देश में प्रत्यक्ष हस्तांतरण लाभ परियोजना का आरम्भ योजना आयोग द्वारा जनवरी 2013 में किया गया । शुरुआती दौर में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के दायरे में जो योजनायें लाई गईं, वे छात्रवृत्ति, महिला, बाल और श्रम कल्याण से संबंधित थीं। इसके अलावा ख्घ्क्कमें इस योजना की शुरुआत 01 जून 2013 से की गयी ।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तातरण तीन प्रकार की श्रेणियों में रखा गया है जिसमे से व्यक्तिगत लाभार्थी को नगद हस्तांतरण की श्रेणी में उन योजनाओं के घटक को रखा गया हैं जिनमें नगद लाभ सरकार द्वारा व्यक्तिगत लाभार्थिंयों के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं। जैसे पहल (एल पी जी के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) , महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (गट्टइघ), आदि। इसके अलावा प्रत्यक्ष लाभ हस्तातरण में सरकारी लाभ का ट्रान्सफर सरकार या उसके एजेंट द्वारा सार्वजनिक वितरण के लिए सामान खरीदने और लक्षित लाभार्थिंयों के लिए सेवाएं प्रदान करने के लिए किये गए व्यय द्वारा लाभ पहुंचाने की पद्धति को इस श्रेणी में रखा जाता है । इस श्रेणी के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थिंयों को मुफ्त में या रियायती दरों पर ये सामान या सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत, फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (क्ष्ग्क्र) उचित मूल्य की दुकानों के लिए खाद्यान्न की खरीद इस श्रेणी में आती है । इसके अलावा एक अन्य जिसमें वेतन, सम्मान, प्रोत्साहन, आदि के रूप में सामुदायिक श्रमिकों और गैर सरकारी संगठनों, आदि के लिए किए गए ट्रान्सफर शामिल हैं, जो सरकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए सहायक हैं। इस तरह के सहायकों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षक, शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छता कर्मचारी आदि शामिल हैं।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली के जरिए भारत सरकार ने दिसम्बर 2019 तक कुल 170377 करोड़ रूपए की बचत की है जिसमे भी सबसे ज्यादा बचत, पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम (पीडीएस) में की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2019 तक उसने अब तक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली के जरिए लाभार्थिंयों की पहचान कर जो कि या तो नकली थे या फिर दोहरा लाभ ले रहे थे, इन 2.98 राशन कार्ड्स को खत्म कर पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस ) के जरिए तकरीबन 66896.87 करोड़ रुपये की बचत की है। केंद्र सरकार के दावों के मुताबिक, एलपीजी सब्सिडी भुगतान दुनिया का सबसे सबसे बड़ा कैश ट्रांसफर प्रोग्राम है। इसके तहत 65661 करोड़ रुपये बचाए गए। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण स्कीम द्वारा 4.54 करोड़ डुप्लिकेट, नकली / गैर-मौजूद, निष्क्रिय एलपीजी कनेक्शन समाप्त किया गया है । इसके अलावा, 1.03 करोड़ 'गिव इट अप' उपभोक्ताओं सहित 1.66 करोड़ गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी उपभोक्ताओं की एलपीजी सब्सिडी भुगतान पर भी रोक लगी है । सरकार का दावा है कि मनरेगा के तहत इस संबंध में कुल 24162.09 करोड़ रुपये की बचत की गई है। इसी तरह डीबीटी पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार रूरल डेवलपमेंट और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता के नकली मृत या फिर दोहरी आधार कार्ड पर जो सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे उन 7.46 लाख लाभार्थिंयों को अंकुश कर सरकारी धन की बचत की है।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली अपने उद्देश्यों को फलीभूत करते हुए शासन और जनता के बीच उगते सूरज की भान्ति अपना प्रकाश फैला रही है । भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 में अब तक 380 स्कीमों के अंतर्गत 176308 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया गया है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण स्कीम के लागू हो जाने के पश्चात सरकारी धन जो की विभिन्न माध्यम से लाभार्थी तक पहुँचता था वह अब सीधे तौर पर पात्र के पास पहंचने लगा जिससे सरकारी धन की बचत होनी आरम्भ हो गयी बल्कि विभिन्न मध्यस्थ समाप्त होने से निर्धारित समय से पात्र लाभार्थी तक भी पहुँचाने लगा है क्रबिचौलियों की सहभागिता को खत्म करके पारदर्शिता लाने से लाभार्थी के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ का ट्रान्सफर होना आरम्भ हो गया। इससे ना केवल डुप्लीकेट और नकली अथवा अपात्र लाभार्थिंयों का पता चलना आरम्भ हो गया। गरीब का राशन उपयुक्त गरीब पात्र लाभार्थी के हाथ तक पहुंच आधार लिंक मशीन से वितरण माध्यम से सरलीकृत हो गया । उर्वरक एवं किसान लाभ योजनाये तथा पहल के माध्यम से कालाबाजारी पर भी अंकुश लगना आरम्भ हो गया और बाजार से इन वस्तुओं की किल्लत ख़तम होनी आरम्भ हो गयी। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच यदि डेटाबेस का उचित समन्वय रहे लाभार्थी का सटीक लक्ष्यीकरण भी सरलता से होने लगेगा। इस तरह देखा जाये तो आधुनिक भारत की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण एक खामोश क्रान्ति सिद्ध हो रही है जिससे ना केवल सरकारी धन की बचत हुई ही है बल्कि उपयुक्त पात्र के पास समय परक व्यवस्था के अंतर्गत पूरे लाभ का हस्तांतरण होना आरम्भ हो गया।



**विचार बिन्दु**

**प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली अपने उद्देश्यों को फलीभूत करते हुए शासन और जनता के बीच उगते सूरज की भान्ति अपना प्रकाश फैला रही है । भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 में अब तक 380 स्कीमों के अंतर्गत 176308 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया गया है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण स्कीम के लागू हो जाने के पश्चात सरकारी धन जो की विभिन्न माध्यम से लाभार्थी तक पहुँचता था वह अब सीधे तौर पर पात्र के पास पहंचने लगा जिससे सरकारी धन की बचत होनी आरम्भ हो गयी बल्कि विभिन्न मध्यस्थ समाप्त होने से निर्धारित समय से पात्र लाभार्थी तक भी पहुँचाने लगा है क्रबिचौलियों की सहभागिता को खत्म करके पारदर्शिता लाने से लाभार्थी के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ का ट्रान्सफर होना आरम्भ हो गया।**



मुनीष भाटिया

# कर्ज के बोझ तले दबे हैं तो नवरात्रि पर करें यह उपाय

नवरात्रि कर्ज में डूबे लोगों के लिए एक नैया के समान है। इन दिनों आप उत्तर दिशा पर विशेष ध्यान दें। कुबेर की दिशा मानी जाने वाली उत्तर दिशा को और अधिक प्रकाशमान करें। साथ ही वहां पर हरे-भरे पौधे लगाएं व सुंगध का प्रयोग भी करें। पैसा भले ही सबकुछ नहीं है। लेकिन इसके बिना भी व्यक्ति का जीवन सुचारू रूप से नहीं चल सकता। महंगाई के इस युग में व्यक्ति चाहे जितना कमाए, उसे हमेशा कम ही लगता है। इतना ही नहीं, कुछ लोग तो कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं और फिर दबते ही चले जाते हैं। अगर आपकी स्थिति भी ऐसी ही है तो इस नवरात्रि कुछ उपाय अपनाकर आप खुद को कर्जमुक्त कर सकते हैं। आखिरकार मैया तो सबके दुखों का निवारण करती है।

### उत्तर दिशा पर दें ध्यान

नवरात्रि कर्ज में डूबे लोगों के लिए एक नैया के समान है। इन दिनों आप उत्तर दिशा पर विशेष ध्यान दें। कुबेर की दिशा मानी जाने वाली उत्तर दिशा को और अधिक प्रकाशमान करें। साथ ही वहां पर हरे-भरे पौधे लगाएं व सुंगध का प्रयोग भी करें। इतना ही नहीं, उत्तर दिशा को और अधिक प्रभावशाली बनाने व खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के



लिए उत्तर दिशा में एक पानी का घट स्थापना करें। इसके अतिरिक्त घर में मौजूद पैसों की अलमारी दक्षिण दिशा में कुछ इस कदर व्यस्थित होनी चाहिए कि वह उत्तर दिशा में खुले।

### कर्ज के कागजात

अगर आपके पास ऐसे कुछ कागजात हैं, जिसमें आपके लोन या कर्ज की डिटेल हैं तो उन्हें उत्तर पश्चिम यानी वायव्य दिशा में रखें। अगर आप इन फाइलों को अलमारी में रख रहे हैं तो ख्याल रखे कि वह अलमारी पूर्व दिशा में खुलती हो।

### इसका रखें ध्यान

अगर आपके उपर लगातार कर्ज चढ़ रहा है तो इसके पीछे का एक कारण यह है कि आपने उत्तर दिशा पर ध्यान न दिया हो। हो सकता है कि उस दिशा में झाड़ू, कूड़ा, पुराना इकट्ठा सामान, जूते-चप्पल सूखे पौधे रखे हों। इसलिए यह जरूरी है कि आप न सिर्फ नवरात्रि में बल्कि अन्य दिनों में भी उत्तर दिशा को साफ-सुथरा रखें। इसके अतिरिक्त डाइंग रूम या लॉबी में उत्तर दिशा की दीवार पर लाल कलर का प्रयोग न करें, बल्कि इसके स्थान पर ब्लू, येलो या व्हाइट कलर का इस्तेमाल करें व बहते पानी का चित्र जैसे फाउंटेन आदि को जरूर लगाएं। अगर हो सके तो कुबेर यंत्र को उत्तर दिशा में स्थापित करें, इससे आपको कर्ज मुक्ति में सहायता मिलेगी।

### जहां रखें धन

घर पर आप जहां अपना धन, बैंक के पेपर या अन्य कीमती सामान रखते हैं, वहां पर एक छोटा सा चांदी या सोने का सिक्का अवश्य रखें। इसके अतिरिक्त अपनी तजोरी को कभी भी खाली न रखें। उसमें कुछ न कुछ धन अवश्य रखें।




## 07 नवम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1862 | मुग़ल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की रंगून में मौत। |
| 1876 | बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी। |
| 1917 | रूस में सफल बोल्शेविक क्रांति। |
| 1951 | जार्डन में संविधान पारित किया गया। |
| 1968 | तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। |
| 1996 | अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मार्स ग्लोबल सर्वेयर का प्रक्षेपण किया। |
| 1998 | अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत और पाकिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की। दुनिया का सबसे बुजर्ग अंतरिक्षयात्री जॉन ग्लेन धरती पर सुरक्षित लौटा। |
| 2000 | अमेरिकी राष्ट्रपति पद हेतु मतदान सम्पन्न। |
| 2002 | अमेरिकी सीनेट के लिए हुए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिला, आयरलैंड के रिचर्ड डोनोवाल 12वीं हिमालय रन एंड ट्रेक स्पर्धा में पुरुष वर्ग के चैम्पियन बने। ईरान ने अमेरिकी उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया। |
| 2003 | अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने गर्भपात पर रोक सम्बन्धी विधेयक पर हस्ताक्षर किया। राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा वापस ली। |
| 2005 | पाकिस्तान और अमेरिका एफ़-16 विमान टालने पर सहमत हुए। फ़्रांस ने हिंसा करने वालों के ख़िलाफ़ फतवा जारी किया। |

# राजस्थान का दूसरा सर्वाधिक लोकप्रिय है, चरी नृत्य

**विचार बिन्दु**



पन्नालाल मेघवाल
वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार

राजस्थान का दूसरा सर्वाधिक लोकप्रिय चरी नृत्य है। यह किशनगढ़ राजघराने की अति प्राचीन परंपरागत नृत्य शैली है। चरी नृत्य विशेष रूप से राजघराने में गणगौर पर किया जाता था। किशनगढ़ दरबार की बहन की मृत्यु हो जाने पर यह नृत्य बंद कर दिया गया। इसके बाद चरी नृत्य को किशनगढ़ की युवरानी गोवर्धन कुंवर ने प्रोत्साहित कर संरक्षण प्रदान किया। प्रारंभ में यह नृत्य गुजर जाति की महिलाओं द्वारा किया जाता था। इस नृत्य को सन् 1949 में फलकू बाई ने अपनी लगन एवं मेहनत से मंचीय संरचना देकर सामाजिक स्तर तक सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु प्रारंभ किया। इस नृत्य को जीवित रखने में फलकू बाई और उनके साथियों का अद्वितीय योगदान है। मोहन सिंह गौड़, सुनीता रावत एवं अन्य दल इस नृत्य को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रारंभ में चरी नृत्य में स्त्रियां लंबा घूंघट निकाल कर नृत्य किया करती थीं। यह नृत्य गणगौर के अलावा बच्चे के जन्म, विवाह, मांगलिक कार्य, होली, दीवाली, दशहरा आदि पर भी किया जाता था। यह नृत्य धीरे-धीरे अन्य जातियों में भी किया जाने लगा। अब बदलते परिवेश में स्त्रियों के अलावा कॉलेज एवं स्कूल की बालिकाएं भी व्यावसायिक तौर पर नृत्य करने लगी हैं।

भारतीय संस्कृति में सिर पर कलश लेकर नृत्य करने की परंपरा सर्वत्र प्रचलित व सर्वोपरि रही है। प्राचीन काल से जल कलश शगुन का प्रतीक माना जाता है। अग्नि हमारी संस्कृति में देवता स्वरूप पूजी जाती है। किसी अवसर पर मेहमानों की अगवानी करने के लिए कलश में अग्नि प्रज्वलित करके नृत्य करते हुए अतिथि गृह में ले जाने की परंपरा रही है। चरी नृत्य परंपरा को प्रवाह देने के लिए सदैव गीत एवं नृत्य को माध्यम बनाया गया है। चाहे बारात की अगवानी हो या कोई अन्य तीज- त्यौहार, चरी नृत्य अवश्य किया जाता है। प्राचीन काल में बिजली की व्यवस्था नहीं होने से चरी को रेत से भरकर संतुलन बनाने के लिए उस पर मिट्टी का एक बड़ा दीपक रखकर उसमें कपासे (बिनोले) डालकर सरसों के तेल में भिगोकर उसमें थोड़ा सा केरोसिन डालकर जला देते थे। स्त्रियां इसे सिर पर रखकर, लंबा घूंघट काढ कर ढोल, बांकिया, थाली की लयकारी के साथ स्वतंत्र रूप से कलाइयों को घुमाती हुई नृत्य करती थीं, आज भी यह परंपरा जीवित है।


अब बदलते परिवेश में स्त्रियों ने घूंघट निकालना छोड़ दिया है। नृत्य के आरंभ में ढोल, बांकिया व थाली कलाकार एक ओर पंक्तिबद्ध खड़े होकर वाद्य वादन करते हैं। उनके आगे छः से आठ स्त्रियां सिर पर चरी रखकर कभी गोल घेरे में, कभी आधी स्त्रियां बैठकर और आधी उनके पीछे खड़ी होकर व उनके चारों ओर गोल-गोल घूम कर नृत्य करती हैं तो कभी पंक्तिबद्ध होकर एक के बाद एक बैठकर नृत्य करती हैं। प्राचीन काल में नृत्य के समय गुर्जर जाति की महिलाएं काले रंग का लहंगा, कुर्ती तथा पीले रंग की ओढ़नी पहनती थीं। कमर में ऊन का बना कमरबंदा बांधती थीं। परंतु बदलते परिवेश में मंचीय प्रदर्शन हेतु संगीत नाटक अकादमी ने पोशाक में परिवर्तन कर दिया। अब स्त्रियां एकदम पारंपरिक लाल रंग का काली छींट का घाघरा पहनती हैं, जिस पर पीली मगजी व कोर लगी होती है। पीले रंग की कुर्ती जिस पर लाल मगजी और ओढनी पीले रंग की होती हैं। जिसके चारों ओर लाल केसरिया बंधेज के रूप में होता है। जिसे प्रचलित बोली में पीलिया कहते हैं। इस पर किरण व कोर के बने फूल लगे रहते हैं, पहनती हैं।

प्रारंभ में आभूषणों में सिर पर चांदी का बोर, कमर में कंदोरा, गले में घूंघट हंसली, बजंटी, बांहों पर खांच चूड़ा एवं पैरों में कडले पहनती थीं। बाजू पर बाजूबंद अथवा अणत पहनती थीं। कलाइयों में चांदी की फूल बंगड़ी का स्थान अब कृत्रिम आभूषणों ने ले लिया है। प्रारंभ में सौंदर्य प्रसाधन की कोई भी वस्तु काम में नहीं ली जाती थी, अब मंचीय प्रदर्शन में हल्के से मेकअप, लिपस्टिक आदि लगाई जाती है। किशनगढ़ राजघराने से संबंधित यह चरी नृत्य राजस्थान का सर्वाधिक लोकप्रिय नृत्य है।

हैल्थ संवाददाता

**स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।**

## संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## शाक से मिलता है प्रोटीन




शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

## बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

## कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन


**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

# शाकाहार

## शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

## किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

**आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवतः यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अतः मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।**



शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

## मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

## हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।



## शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

## विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

## शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

## मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अतः निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

## लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।



# कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

## पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।

**डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए**

**भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी सुधार हुआ**

*आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और चीन के बढ़ते वर्चस्व पर दोनों नेता एकमत*

# पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त और ताकतवर नेता बता चुके, दोनों नेताओं के बीच दोस्ताना संबंध, भारत के साथ और मजबूत होंगे रिश्ते




*डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी के बीच अच्छी केमेस्ट्री नजर आती है*



*ट्रंप लगातार पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते रहे हैं*





*डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंधों की नई ऊंचाई मिलेगी। ट्रंप कई मौकों पर पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बता चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच केमेस्ट्री भी अच्छी नजर आती है। पिछले दो दशक से भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी सुधार हुआ है। यदि दोनों देशों के रिश्तों को देखें तो कई बातें सकारात्मक दिखाई देती हैं। ट्रंप की जीत के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ेगा, आतंकवाद के खिलाफ साथ मिलेगा, भारत पर कनाडा और चीन का बढ़ता दबाव कम होगा।*

### रणनीतिक संबंध मजबूत होंगे

*ट्रंप के पहले कार्यकाल को देखें तो उनका प्रशासन एशिया में भारत को बड़ी ताकत के रूप में सम्मान देता रहा। खासतौर पर चीन की चुनौती के समक्ष ट्रंप भारत से सहयोग की अपेक्षा करते रहे।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। संसद के दोनों सदनों हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव (एचओआर) और सीनेट में भी डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बढ़त मिली है। एचओआर में रिपब्लिकन पार्टी की 49 और डेमोक्रेटिक पार्टी की 28 सीटों पर जीत हुई है। इसके अलावा सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी को 43 और डेमोक्रेटिक पार्टी 34 सीटों पर जीत हासिल हुई है। उनके चुनाव पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंधों की नई ऊंचाई मिलेगी। ट्रंप कई मौकों पर पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बता चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच केमेस्ट्री भी अच्छी नजर आती है। पिछले दो दशक से भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी सुधार हुआ है। दोनों देशों के रिश्तों को देखें तो कई बातें सकारात्मक दिखाई देती हैं। ट्रंप की जीत के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ेगा, आतंकवाद के खिलाफ साथ मिलेगा, भारत पर कनाडा और चीन का बढ़ता दबाव कम होगा। डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी के बीच काफी दोस्ताना संबंध रहे हैं। हाउडी मोदी के बाद ट्रंप 2020 की शुरुआत में भारत आए तो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हजारों की भीड़ के बीच हुई उनकी सभा को देखकर वे हैरान रह गए थे। अमेरिका जाकर उन्होंने इसका खास उल्लेख किया। कुछ दिन पहले अमेरिका में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने मोदी की फिर तारीफ की।

## आतंक के खिलाफ मिलेगा साथ

ट्रंप आतंकवाद के खिलाफ काफी मुखर हैं। उन्होंने इस्लामिक आतंकवाद और जेहाद का बार-बार उल्लेख किया है। वे अमेरिका में मुस्लिम माइग्रेशन को खतरा बताते रहे हैं। भारत को पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवाद के मामले में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिका का मुखर सहयोग मिलेगा। आतंकवाद पर भारत को अमेरिका का साथ मिलेगा। ट्रंप ने जम्मू कश्मीर में पुलवामा में हुए हमले की निंदा करते हुए भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया था।

## रक्षा क्षेत्र में सहयोग

ट्रंप की सरकार में भारत और अमेरिका के रक्षा संबंध और मजबूत हो सकते हैं। ट्रंप के शासनकाल में भारत के साथ हथियारों के निर्यात, संयुक्त सैन्य अभ्यास और तकनीकी हस्तांतरण की दिशा में तालमेल नजर आ सकता है। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में भारत के साथ बड़े रक्षा समझौते किए थे। ट्रंप के शासन में उम्मीद की जाना चाहिए कि भारत को अत्याधुनिक हथियारों की आपूर्ति में अमेरिका से सहयोग मिलेगा। ट्रंप के आने से क्वाड देशों को मजबूती मिलेगी।

## कनाडा पर बढ़ेगा दबाव

अमेरिका और कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ने से पिछले दिनों भारत को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। न सिर्फ दो देशों के रिश्ते खराब हुए हैं, बल्कि भारतीय हिंदुओं की सुरक्षा में खतरे में आ गई है। चूंकि, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की नीतियां अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी से काफी मेल खाती हैं, ऐसे में उम्मीद करना चाहिए कि ट्रंप के आने से भारत को कनाडा पर दबाव बनाने में मदद मिलेगी।

## घुसपैठ पर एक सोच

अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर भी ट्रंप और मोदी एक ही सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहां अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको से लगी सीमा पर दीवार बना रहे हैं। घुसपैठ को तो उन्होंने चुनाव में मुद्दा ही बनाया। वहीं भारत ने मोदी के दौर में सीएए और एनआरसी के जरिये घुसपैठ की समस्या को चुनौती दी है। यदि भारत कॉमन सिविल कोड के मुद्दे पर आगे बढ़ता है, तो ट्रंप का साथ मिलने की संभावना है।

### बांग्लादेश मामले में भारत का दिया साथ

बांग्लादेश में पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को अपदस्थ करने के बाद वहां पर अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुए हमलों की ट्रंप ने कड़े शब्दों में निंदा की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जो बाइडेन की सरकार ने बांग्लादेश में तख्तापलट में पीछे से सहायता की थी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि बांग्लादेश पर भी भारत का दबाव बढ़ेगा और वहां रह रहे अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा होगी, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा भी मिलेगी।

### लेकिन, अमेरिका से चुनौतियां भी आएंगी

डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां अमेरिका फर्स्ट की रही हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने की स्थिति में भारत की सबसे बड़ी चिंता उनके व्यापार और आव्रजन नीतियों को लेकर है। टैरिफ को लेकर संशय- ट्रंप के पहले शासनकाल में ही अमेरिका ने भारत के तरजीही व्यापार वाले देश के दर्जे को खत्म कर दिया था। ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ युद्ध शुरू करने की धमकी दी है। ट्रंप भारत को टैरिफ का दुरुपयोग करने वाला देश बताया है।

## ट्रंप की ऐतिहासिक जीत पर कई देशों ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर ली है। उनकी जीत पर भारत सहित कई देशों ने बधाई दी है। भारत में पीएम मोदी के अलावा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी ट्रंप को जीत की बधाई दी।

**साझा मूल्यों की रक्षा के लिए साथ**

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जीत पर बधाई देते हुए कहा कि मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। सबसे करीबी सहयोगी के रूप में, हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विकास और सुरक्षा से लेकर नवाचार तक सहयोग करेंगे।



**दोनों देश साथ हैं**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर हम दोनों देश साथ हैं।

### वैश्विक शांति के लिए काम करेंगे

खरगे ने कहा कि भारत और अमेरिका एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों, समान हितों और लोगों के आपसी संबंधों पर आधारित हैं।



### यूएस के साथ खास रिश्ता

इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप को मेरी हार्दिक बधाई। यूएस के साथ खास रिश्ता है।



### अमेरिका में भारतवंशी रच रहे इतिहास
## 6 भारतीयों ने प्रतिनिधि सभा का जीता चुनाव

*वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल कर ली है। छह भारतीय अमेरिकियों ने प्रतिनिधि सभा का चुनाव जीता है, जिससे मौजूदा कांग्रेस में उनकी संख्या पांच से बढ़ गई है। वहीं भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे पूर्वी तट से निर्वाचित होने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लैंसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। सुब्रमण्यम ने जीत हासिल करने के बाद कहा कि मैं सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10वें जिले के लोगों ने कांग्रेस में सबसे कठिन लड़ाई लड़ने और परिणाम देने के लिए मुझ पर भरोसा किया। यह जिला मेरा घर है। इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। सुब्रमण्यम पहले राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार के रूप में कार्यरत थे, वो आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हो गए हैं। उनकी अमेरिकी संसद में एंट्री के साथ ही भारतीय अमेरिकी सांसदों के ग्रुप 'समोसा कॉकस' की संख्या 6 हो गई। जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी शामिल हैं। इन पांच भारतीयों में अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और थानेदार का नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्य प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुने गए। वहीं थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार फिर से चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। वहीं राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनॉयस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में लगातार पांचवीं बार जीत हासिल की। इसके बाद राजा कृष्णमूर्ति ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के 8वें जिले के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरे अनुबंध को बढ़ा दिया है।*





## ट्रंप जीते, 'ड्रीम टीम' में कई भारतवंशियों के नाम शामिल

डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद उनकी ड्रीम टीम' में कई भारतीय नाम भी हो सकते हैं। ट्रंप की टीम में उपराष्ट्रपति के तौर पर जेडी वेंस तो होंगे ही इसके अलावा एलन मस्क, केनेडी जूनियर, तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी और निकी हेली जैसे चेहरे शामिल हो सकते हैं। माना जा रहा है कि उद्योगपति एलन मस्क उनकी कोर टीम का हिस्सा होंगे। मस्क खुद अपनी भूमिका को लेकर सार्वजनिक तौर पर कई बार टिप्पणी कर चुके हैं।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप सरकार में अपनी संभावित भूमिका को लेकर कहा था कि वह बड़े रिफॉर्म्स का हिस्सा होंगे। वहीं ट्रंप अपने सहयोगी एलन मस्क को सरकारी खर्च में कटौती करने वाले विभागों की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं।

**काफी योग्य शख्सियत**

### निकी हेली

ट्रंप ने कहा था कि बहुत से मुद्दों पर निकी और उनकी राय मिलती-जुलती है और वह काफी योग्य शख्सियत हैं। निकी हेली का जन्म भारत से अमेरिका में बसे पंजाबी सिख परिवार में हुआ था और जन्म के वक्त उनका नाम निम्रता निकी रंधावा रखा गया था।

**ट्रंप का समर्थन किया**

### रामास्वामी

भारतीय मूल के रिपब्लिकन नेता और उद्योगपति विवेक रामास्वामी भी ट्रंप की टीम का अहम हिस्सा हो सकते हैं। उन्होंने ट्रंप की दावेदारी का समर्थन करते हुए अपना नाम वापस ले लिया था। ट्रंप, उन्हें अपनी कैबिनेट में जगह देना चाहते हैं।

---

**संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे पर लगी लताड़**

# पड़ोसी मुल्क का प्रतिनिधिमंडल झूठ और भ्रामक जानकारी फैला रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को भारत ने फिर लताड़ लगाई है। पड़ोसी मुल्क को इस बार भारत सरकार के अधिकारी ने नहीं, बल्कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सुनाया है। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर के मुद्दे को अनावश्यक रूप से उठाने पर पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करते हुए शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल लगातार कश्मीर मुद्दे को उठाता है और गलत जानकारी फैलाता है, जबकि जमीनी हकीकत बहुत अलग है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र में मैंने सूचना के महत्व और इसमें भारत की भूमिका के मुद्दे पर बहस की।

- गलत सूचना के खिलाफ अभियान जारी रखेगा
- जम्मू-कश्मीर के लोगों ने मतदान किया




### गलत सूचना की कोई जगह नहीं

राजीव शुक्ला ने कहा कि गलत सूचना या गलत सूचना की कोई भी मात्रा जमीनी तथ्यों को नहीं बदलेगी। मैं इस प्रतिनिधिमंडल से अपने विभाजनकारी राजनीतिक एजेंडे के लिए इस मंच में अधिक रचनात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह करता हूं।

### फर्जी जानकारी फैलाने के लिए मंच का इस्तेमाल

यूएन में पाक के कश्मीर राग अलापने पर राजीव शुक्ला ने कहा कि एक बार फिर, पाक प्रतिनिधिमंडल ने झूठ और फर्जी जानकारी फैलाने के लिए इस मंच का इस्तेमाल किया है। प्रतिनिधिमंडल के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाना एक आदत बन गई है।

**भारत-कतर के बीच द्विपक्षीय वार्ता**

वित्तीय खुफिया इकाइयों ने की बैठक

# मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद से लड़ने में करेंगे आपसी सहयोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-कतर वित्तीय खुफिया इकाइयों (एफआईयू) ने नई दिल्ली में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण के खतरे से लड़ने में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए बैठक की। बैठक के दौरान दोनों एफआईयू ने आईटी सिस्टम और उपकरणों के उपयोग, सार्वजनिक और निजी भागीदारी, रणनीतिक विश्लेषण और आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों पर विचार-विमर्श किया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एफआईयू-आईएनडी के प्रमुख विवेक अग्रवाल की उपस्थिति में चर्चा हुई।



### अपराधों पर सूचना का आदान-प्रदान होगा


*यह यात्रा दोनों एफआईयू के बीच संबंधों को मजबूत करने और मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद के वित्तपोषण के खतरे से लड़ने में एक-दूसरे की सहायता करने की उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एफआईयू-कतर और एफआईयू-आईएनडी ने मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित अपराधों पर अनौपचारिक सूचना आदान-प्रदान के जरिए से वर्षों से एक-दूसरे के साथ सहयोग किया है।*

**खबर संक्षेप**

## ब्लू स्टार का तिमाही मुनाफा 35.73% बढ़ा

**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनिंग और वाणिज्यिक प्रशीतन प्रणाली बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 35.73 प्रतिशत बढ़कर 96.06 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मुनाफा 70.77 करोड़ रुपये रहा था।

## चिप कंपनी टेसाल्व करेगी ड्रीम चिप का अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर कंपनी टेसोल्व जर्मनी स्थित सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन कंपनी ड्रीम चिप टेक्नोलॉजीज का 4.25 करोड़ यूरो (करीब 400 करोड़ रुपये) में पूर्ण अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, इस अधिग्रहण से टेसोल्व के यूरोपीय परिचालन का विस्तार होगा, जिसमें जर्मनी तथा नीदरलैंड में चार डिलीवरी स्थान शामिल होंगे।

## पावर ग्रिड का शुद्ध लाभ बढ़कर 3,793.02 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3,793.02 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मुनाफा 3,781.42 करोड़ रुपये रहा था।

## सोने में 150 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 81,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण भी बहुमूल्य धातु की कीमतों पर असर पड़ा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

## जीई पावर इंडिया ने 67 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली।** जीई पावर इंडिया को सितंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 66.8 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। समान अवधि में कंपनी को 61.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 250.8 करोड़ रुपये की तुलना में घटकर 244.4 करोड़ रुपये रह गई।

## इ्यूश बैंक ने भारत में डाली 5113 करोड़ रुपए की पूंजी




**मुंबई।** जर्मनी के ऋणदाता ड्यूश बैंक ने भारतीय परिचालन में 5,113 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी डालने की मंगलवार को घोषणा की। ड्यूश बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह हाल के वर्षों में भारत को किया गया यह सबसे बड़ा पूंजी आवंटन है। इसका इस्तेमाल कॉर्पोरेट बैंकिंग, निवेश बैंकिंग और निजी बैंकिंग सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में विस्तार के लिए किया जाएगा। एलेक्जेंडर वॉन जुर म्यूलेन ने कहा, महत्वपूर्ण रुझानों में भारत काफी हद तक फायदा मिलने की स्थिति में है।

# महंगी सब्जियों के कारण अक्टूबर में घर का बना खाना हुआ महंगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अक्टूबर में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का घर का बना खाना महंगा हो गया। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- शाकाहारी थाली की कीमत में आया 20 फीसदी का उछाल

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के एक प्रभाग ने कहा कि शाकाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़कर 33.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई। यह सितंबर की कीमत 31.3 रुपये से भी अधिक थी, जिसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में उछाल था।

**शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का घर में बना खाना महंगा**

### शाकाहारी थाली में सब्जियों का भारांश 40%

रिपोर्ट में कहा गया है कि सब्जियों की कीमतों का कुल थाली लागत में 40 प्रतिशत भारांश होता है और इसलिए उतार-चढ़ाव ने कुल लागत को प्रभावित किया। शाकाहारी थाली में 11 प्रतिशत भार वाली दालों की कीमतों में इस महीने के दौरान 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### ईंधन की लागत घटने से भोजन की लागत घटी

रिपोर्ट में कहा गया है कि नई आवक के कारण दिसंबर से कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की लागत में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की गिरावट ने भोजन की लागत में उछाल को रोकने में मदद की।



### प्याज की कीमतें सालाना आधार पर 46 फीसदी बढ़ी

इसमें कहा गया है कि मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में प्याज की कीमतें सालाना आधार पर 46 प्रतिशत बढ़ीं, जबकि आलू की कीमतें 51 प्रतिशत बढ़ीं, जिसका मुख्य कारण लगातार बारिश होना है, जिसके कारण आवक कम हुई और महाराष्ट्र और कर्नाटक में फसल भी प्रभावित हुई।

### नवंबर में टमाटर की कीमतें स्थिर होने की संभावना

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टमाटर की कीमतें एक साल पहले की समान अवधि के 29 रुपये प्रति किलोग्राम से दोगुनी होकर 64 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं, क्योंकि बारिश के कारण आवक प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपूर्ति शुरू होने के साथ नवंबर से इस जिंस (टमाटर) की कीमतें स्थिर होने की संभावना है।

### मांसाहारी थाली अक्टूबर में 61.6 रुपए की रही

रिपोर्ट में कहा गया कि मांसाहारी थाली के मामले में, ब्रॉयलर की कीमतों में नौ प्रतिशत की गिरावट, जो कि थाली की लागत का आधा हिस्सा है, ने लागत में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि की।

## ट्रंप के 'अमेरिका प्रथम' एजेंडा का भारत पर पड़ेगा असर : विशेषज्ञ

# ट्रंप के एजेंडा से भारतीय वाहन, कपड़ा फार्मा सामान पर बढ़ सकता है शुल्क

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की संभावना के बीच यदि नया अमेरिकी प्रशासन 'अमेरिका प्रथम' एजेंडा को आगे बढ़ाने का फैसला करता है, तो भारतीय निर्यातकों को वाहन, कपड़ा और फार्मा जैसे सामान के लिए ऊंचे सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि ट्रंप एच-1बी वीजा नियमों को भी सख्त कर सकते हैं, जिससे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों की लागत और वृद्धि पर असर पड़ेगा। भारत में 80 प्रतिशत से अधिक आईटी निर्यात आय अमेरिका से आती है, जिससे वीजा नीतियों में बदलाव के प्रति भारत संवेदनशील हो जाता है।

### भारत का वार्षिक कारोबार 190 अरब डॉलर

अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अमेरिका से भारत का वार्षिक कारोबार 190 अरब डॉलर से अधिक है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रंप चीन के बाद अब भारत और अन्य देशों पर भी शुल्क लगा सकते हैं।

**ट्रंप एच-1बी वीजा नियमों को भी सख्त कर सकते हैं**

### भारत को टैरिफ किंग करार दिया था

ट्रंप ने पहले भारत को 'बड़ा शुल्क दुरुपयोगकर्ता' कहा था और अक्टूबर, 2020 में भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया था। उन्होंने कहा कि इन टिप्पणियों से पता चलता है कि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल कठिन व्यापार वार्ता ला सकता है। "उनका अमेरिका प्रथम एजेंडा संभवतः सुरक्षात्मक उपायों पर जोर देगा।



- भारतीय निर्यातकों को ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ सकता है
- भारतीय आईटी कंपनियों की लागत और वृद्धि पर असर पड़ेगा
- ट्रंप ने अक्टूबर, 2020 में भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया था

### निर्यात के लिए बढ़ सकती है बाधाएं

भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क, जो संभवतः वाहन, शराब, कपड़ा और फार्मा जैसे प्रमुख भारतीय निर्यात के लिए बाधाएं बढ़ा सकता है। ये बढ़ोतरी अमेरिका में भारतीय उत्पादों को कम प्रतिस्पर्धी बना सकती है, जिससे इन क्षेत्रों में राजस्व प्रभावित हो सकता है।




**भारत के लिए एक नया अवसर हो सकता है : विशेषज्ञ**

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा, ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए एक नया अवसर हो सकता है। ट्रंप उन देशों पर शुल्क और आयात प्रतिबंध लगाएंगे, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे अमेरिका के अनुकूल नहीं हैं। इनमें चीन और यहां तक कुछ यूरोपीय देश शामिल हैं। अगर ऐसा हुआ तो इससे भारतीय निर्यात के लिए बाजार खुल सकते हैं।

### चीन की जीडीपी में कमी आ सकती है

बार्कलेज ने एक शोध रिपोर्ट में कहा कि व्यापार नीति के लिहाज से ट्रंप एशिया के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं। बार्कलेज ने कहा, "हमारा अनुमान है कि ट्रंप के शुल्क प्रस्ताव चीन के सकल घरेलू उत्पाद में दो प्रतिशत की कमी लाएंगे - और क्षेत्र की बाकी अधिक खुली अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव डालेंगे।"

# मारुति सुजुकी की नई डिजायर के साथ निर्यात बढ़ाने की योजना



- नई डिजायर के साथ यूएई, अरब, मेक्सिको व लातिनी अमेरिकी देश लक्ष्य

एजेंसी ▸▸ डाबोलिम (गोवा)

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अपनी कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर के नए संस्करण के साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, चिली, मेक्सिको और अन्य लातिनी अमेरिकी देशों जैसे बाजारों को लक्ष्य कर रही है ताकि निर्यात में तेजी लाई जा सके।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में तीन लाख से अधिक इकाइयों का निर्यात करना है। घरेलू बाजार में, कंपनी को उम्मीद है कि नई डिजायर के साथ यात्री वाहन बाजार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की ओर बढ़ने के बीच सेडान बाजार में उसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। नई डिजायर अगले सप्ताह बाजार में उतारी जाएगी। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने यहां कहा, "चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह में हमारा निर्यात 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है और उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी। ...इसलिए चालू वित्त वर्ष में हमें लगभग तीन लाख से अधिक कारों का निर्यात करने की उम्मीद है।"

### आठ लाख वाहन प्रतिवर्ष निर्यात का लक्ष्य

भारती ने कहा कि लगभग चार साल पहले कंपनी का निर्यात सालाना एक लाख इकाई से भी कम था। उन्होंने कहा, "इसलिए अब हम इसका लगभग तीन गुना करेंगे, और दशक के अंत तक, हम इसे तीन गुना करते हुए लगभग आठ लाख वाहन प्रति वर्ष करने की उम्मीद करते हैं।"

# ट्रंप की जीत से आईटी शेयरों में तेजी, सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- स्थानीय शेयर बाजार में एक प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज
- दो दिन में निवेशकों की पूंजी 10 .47 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। निवेशकों ने दो दिन में 10.47 लाख करोड़ रुपए कमाए।

बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई।

दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है।'' एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही थी।

### निवेशकों की पूंजी 10.47 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में लगातार दो दिन की तेजी से निवेशकों की पूंजी 10.47 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दो प्रतिशत चढ़ा है। बुधवार को कारोबार बंद होने के समय बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) दो दिन के दौरान 10,47,565.48 करोड़ रुपये बढ़कर 4,52,58,633.53 करोड़ रुपये (5,370 अरब डॉलर) हो गया।

### ट्रंप की जीत से क्रिप्टोकरेंसी में तेजी

ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

### रुपए में 21 पैसे की बड़ी गिरावट

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे टूटकर 84.30 (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत की संभावना के साथ अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तेजी से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट देखने को मिली है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मजबूत होने तथा विदेशी पूंजी की सतत निकासी से बाजार धारणा प्रभावित हुई।

## हीरो मोटोकॉर्प अपना ईवी कारोबार बढ़ाएगी

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोपहिया वाहन बनाने वाली यह प्रमुख कंपनी यूरोप में भी अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है।

## टाटा स्टील को दूसरी तिमाही में 759 करोड़ रुपए का लाभ





नई दिल्ली। टाटा स्टील का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 758.84 करोड़ रुपये रहा है। खर्च कम होने से कंपनी मुनाफे में लौटी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 6,511.16 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की कुल आय घटकर 54,503.30 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 55,910.16 करोड़ रुपये थी। टाटा स्टील का खर्च सालाना आधार पर 55,853.35 करोड़ रुपये से घटकर 52,331.58 करोड़ रुपये रह गया।

# चार कंपनियों के आईपीओ को सेबी की मिली मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। सेबी द्वारा बुधवार को जारी 'अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।



- आईपीओ से 3000 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे

*रूबिकॉन में जनरल अटलांटिक की 57 फीसदी हिस्सेदारी : वर्तमान में, जनरल अटलांटिक के पास रूबिकॉन रिसर्च में 57 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। हैदराबाद स्थित साई लाइफ साइंसेज के प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तक, निवेशक शेयरधारकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 6.15 करोड़ शेयरों का ओएफएस शामिल है।*

# वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 32 प्रतिशत बढ़ी : फाडा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- दोपहिया तथा यात्री वाहनों के खंड में मजबूत वृद्धि

भारत में वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 28,32,944 इकाई हो गई। दोपहिया तथा यात्री वाहनों सहित सभी खंडों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। उद्योग संगठन फाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर 2023 में खुदरा बिक्री 21,43,929 इकाई रही थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष अक्टूबर में मजबूत वृद्धि की मुख्य वजह मजबूत ग्रामीण मांग रही। खासकर दोपहिया तथा यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि से समर्थन मिला।

यात्री वाहनों की बिक्री 32.38 प्रतिशत बढ़कर 4,83,159 इकाई हो गई, जो अक्टूबर 2023 में 3,64,991 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने 36.35 प्रतिशत बढ़कर 20,65,095 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में 15,14,634 इकाई थी। अक्टूबर 2024 में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11.45 प्रतिशत बढ़कर 1,22,846 हो गई।

### ट्रैक्टर की बिक्री 3.08 फीसदी बढ़ी

फाडा के अनुसार, अक्टूबर में ट्रैक्टर की बिक्री 3.08 प्रतिशत बढ़कर 64,433 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 62,542 इकाई थी। उद्योग संगठन के अनुसार, अक्टूबर में प्रमुख त्यौहारों (नवरात्रि व दिवाली) के एक साथ आने से उपभोक्ता मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## कार की शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपए से शुरू

# स्कोडा की पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी 'काइलक' लांच

एजेंसी ▸▸ मुंबई

प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो ने भारतीय बाजार में व्यापक पहुंच बनाने के इरादे से बुधवार को अपनी पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी 'काइलक' पेश की। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये रखी गई है।

स्कोडा ऑटो के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्लॉस जेल्मर ने यहां एक कार्यक्रम में 'काइलक' को पेश किया। इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रमुख पीयूष अरोड़ा भी मौजूद थे। स्कोडा ने अपने नए मॉडल को छह एयरबैग समेत 25 सुरक्षा फीचर और सनरूफ तथा वेंटिलेटेड सीट की खूबियों के साथ पेश किया है।

- नए मॉडल में छह एयरबैग सहित 25 सुरक्षा फीचर



### पहले कंपनी के पास कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड नहीं था

भारतीय बाजार में एसयूवी खंड बड़ी तेजी से बढ़ रहा है और स्कोडा के पास कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड में अब तक कोई भी वाहन नहीं होने से उसे एक सीमित दायरे में ही कारोबार करना पड़ रहा था, लेकिन 'काइलक' के जरिये अब वह इस कमी की भरपाई करने की उम्मीद कर रही है।

### काइलक की बुकिंग दो दिसंबर से

संभावित खरीदार इसकी बुकिंग दो दिसंबर से करा सकेंगे और अगले साल 27 जनवरी से ग्राहकों को इसकी आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर जेल्मर ने कहा कि स्कोडा 'काइलक' के जरिये भारत के उस बड़े बाजार पर अपनी पकड़ बनाना चाहती है जो अभी तक उसकी पहुंच में नहीं है।

### पेट्रोल में 20.32 किमी का एवरेज

इसके अलावा कंपनी ने इसके एक लीटर पेट्रोल में 20.32 किलोमीटर की दूरी तय करने का दावा भी किया। कंपनी ने भारतीय बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड में मौजूद तगड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये निर्धारित की है। हालांकि, यह प्रारंभिक कीमत सिर्फ कुछ सीमित संख्या वाले वाहनों के लिए ही होगी।

### कंपनी की नेटवर्क बढ़ाने की योजना

हालांकि, 'काइलक' के समक्ष चुनौती मारुति सुजुकी की ब्रेजा, टाटा मोटर्स की नेक्सॉन, हुंडई की वेन्यू और किआ की सॉनेट मॉडलों को कड़ी टक्कर देने की है। स्कोडा इंडिया के ब्रांड निदेशक पेट्रा जनेबा ने कहा कि कंपनी ने देश भर में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए अपने नेटवर्क को अगले साल तक 260 से बढ़कर 350 करने की योजना बनाई है।

# अदालत ने जनहित याचिका खारिज की: लोग ऐसे जहरीले पानी में नहाने से 'बीमार' पड़ जाएंगे



## यमुना किनारे छठ पूजा की इजाजत देने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

**1000 स्थानों पर छठ पूजा की व्यवस्था**

दिल्ली में सरकार की तरफ से बनवाए गए 1000 से अधिक घाट पर टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम किया गया है। कोर्ट ने कहा कि अन्य घाट और निर्दिष्ट क्षेत्र हैं, जहां लोग सुरक्षित रूप से पूजा कर सकते हैं। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया है ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सकें।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने यमुना नदी में छठ पूजा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने यमुना घाट के किनारे छठ पूजा करने को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी जिसमें यमुना नदी के तट पर उत्सव मनाने पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। अदालत ने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूजा करने की जगह अन्य घाटों और निर्धारित स्थानों पर पूजा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि यह प्रतिबंध संभवतः यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लगाया गया है और चेतावनी दी कि ऐसे जहरीले पानी में नहाने से लोग बीमार पड़ सकते हैं।



**मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने स्वास्थ्य समस्या का किया जिक्र**

दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को नदी में पूजा करने की अनुमति देने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने हाल ही में एक मामले का हवाला दिया जिसमें एक व्यक्ति प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने के बाद बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### यमुना में जहरीला पानी

बेंच ने कहा कि यह आपके लिए बहुत हानिकारक होगा। हकीकत यह है कि नदी इतनी प्रदूषित है कि अगर आप उसमें डुबकी लगाते हैं, तो संभावना है कि आपको नुकसान होगा. हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते। नदी खुद बहुत प्रदूषित है। कोर्ट ने कहा कि यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण ही यह प्रतिबंध लगाया गया है।

### कालिंदी कुंज के पास लोग परेशान

मंगलवार को पारंपरिक 'नहाय-खाय' के साथ चार दिवसीय छठ उत्सव शुरू होते ही दिल्ली में कालिंदी कुंज के पास यमुना नदी के किनारे एक परेशान करने वाला नजारा दिखा। हाल ही में श्रद्धालु सूर्य देव को समर्पित इस त्योहार के अभिन्न अंग, पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे। हालांकि, उनकी भक्ति पर उस समय पानी फिर गया जब उन्होंने नदी की सतह पर जहरीले झाग को तैरते देखा।

---

## शरद और अजित पवार की एनसीपी को सुप्रीम कोर्ट ने दी नसीहत

# अदालतों में समय बर्बाद न करें, जमीन पर जाएं व वोट मांगें, अजित 36 घंटे में अखबारों में 'डिस्क्लेमर' भी दें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में जारी विधानसभा चुनाव की सगर्मियों के बीच शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के राजनीतिक दलों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को नसीहत दी है। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि चुनावी माहौल के बीच अदालतों में अपना समय बर्बाद न करें। अदालत ने दोनों दलों से कहा कि जमीन पर जाएं और मतदाताओं को अपनी नीतियों से प्रभावित कर उनके वोट मांगें। उच्चतम न्यायालय ने अजित की अगुवाई वाली राकांपा को 36 घंटे के भीतर अखबारों में यह 'डिस्क्लेमर' जारी करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने साफ किया कि एनसीपी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटित करने का मामला अदालत में विचाराधीन है, यह सूचना स्पष्ट रूप से प्रकाशित करानी होगी।

### प्रकाशित करें- एनसीपी को 'घड़ी' चुनाव चिन्ह आवंटित करने का मामला अदालत में विचाराधीन

पार्टी से बगावत



### महाराष्ट्र में 40 नेताओं को किया बाहर

भाजपा ने अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ बागी रुख दिखाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। बगावत करने वाले 40 नेताओं पर सख्त कदम उठाते हुए उन्हें दल से बाहर कर दिया है। यह कार्रवाई 37 सीटों पर बागियों के खिलाफ की है।



### देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा का समीकरण

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता है लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में एमवीए सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। एनसीपी के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल एनडीए की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत की अगुवाई वाली एनसीपीके 40 विधायक हैं। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 38 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। सीएम शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है। इस बीच महायुति मने फिर से सरकार बनाने का पूरा जोर लगा दिया है।

राज ठाकरे की दो टूक

### मराठा आरक्षण नहीं मिलेगा, ये केवल वादा



राज ठाकरे को उनकी बेबाकी और दोटूक बयानों के लिए जाना जाता है। अकसर उन मामलों पर भी वह खुलकर राय रखते हैं, जिन मसलों पर नेता बोलने से बचना चाहते हैं। ऐसे ही एक संवेदनशील मसले मराठा आरक्षण पर राज ठाकरे ने दोटूक कह दिया कि यह मिलना तो मुश्किल है। उन्होंने बुधवार को लातूर में एक मीटिंग के दौरान यह बात कही।

एमवीए के घोषणा पत्र के पहले शिंदे ने किया 'खेला'

### महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों के लिए सुविधाओं की लगाई बौछार

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति और एमवीए के बीच एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जबर्दस्त जोर आजमाइश चल रही है। इस बीच एमवीए के चुनाव घोषणा पत्र से पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने बड़ा सियासी खेल कर दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों से कई लोक लुभावन वादे कर डाले हैं जो एमवीए की मुसीबत बढ़ाने वाले साबित होंगे। कोल्हापुर में पहली साझा चुनावी रैली के दौरान उन्होंने वादों की झड़ी लगा दी। उन्होंने महिलाओं,बुजुर्गों और किसानों का समर्थन हासिल करने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं।



**सभी वर्गों को देंगे सुविधाएं**

महाविकास अघाड़ी गठबंधन के चुनाव घोषणा पत्र से पहले शिंदे की ओर से की गई इन घोषणाओं को बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। इसके जरिए सत्तारूढ़ महायुति ने महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और युवाओं को आकर्षित करने का प्रयास किया है। महाराष्ट्र में लड़की बहन योजना का काफी असर देखा जा रहा है और इस संबंध में मुख्यमंत्री शिंदे ने बड़ा ऐलान किया है।

अजित की पार्टी ने जारी किया घोषणा पत्र

### लाडकी बहिन योजना में राशि बढ़ाकर 2,100 रुपए करेंगे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की एनसीपी ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। सरकार की लाडकी बहिन योजना की मासिक वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपए करने का वादा किया है। अभी 1500 रुपए दे रही है। एनसीपी ने बताया है कि क्या-क्या विकास कार्य कराएगी। अजित ने बारामती में और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मुंबई में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने गोंदिया में और उम्मीदवारों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में घोषणा पत्र जारी किए।




**घोषणा पत्र में किए 11 वादे**

अजित ने कहा कि हम सरकार गठन के 100 दिनों के भीतर नए महाराष्ट्र का विजन पेश करेंगे। पार्टी के घोषणा पत्र में 11 वादे किए गए हैं, जिनमें बुजुर्गों की पेंशन 2100 रुपए करने और कएमएसपी के तहत बिकने वाली सभी फसलों पर 20 फीसदी अतिरिक्त सब्सिडी का भी वादा किया है। चावल उगाने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 25 हजार रुपए का बोनस भी देंगे।

नागपुर में राहुल का बड़ा ऐलान

## भारत में जाति जनगणना होगी तोड़ेंगे 50% आरक्षण की सीमा



एजेंसी ▸▸ नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना नैरेटिव लेकर महाराष्ट्र के मैदान में उतर आए हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में अपने कैम्पेन की शुरुआत नागपुर से की। वे सबसे पहले दीक्षाभूमि पहुंचे जहां बाबा साहेब आंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया था। यहां राहुल ने आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद संविधान सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल ने लोकसभा चुनाव में 'संविधान खतरे में है' का नैरेटिव सेट किया था जिसका इंडी अलायंस को चुनाव में फायदा मिला। आज भी राहुल ने संविधान के मुद्दे पर भाजपा और संघ का सीधे-सीधे नाम लेकर हमला बोला है।

### दलितों के साथ हो रहा अन्याय

राहुल ने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना जरूर होगी और इस प्रक्रिया से दलितों, अन्य पिछड़ा वर्गों और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। राहुल ने कहा कि जाति जनगणना से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। हर किसी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी ताकत है और उनकी भूमिका क्या है? गांधी ने कहा कि हम 50 प्रतिशत (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे।

### संविधान जीवन जीने का एक तरीका

उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा तैयार किया गया संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब आरएसएस और भाजपा के लोग संविधान पर 'हमला' करते हैं, तो वे देश की आवाज पर हमला कर रहे होते हैं।

### अडाणी की कंपनी में कोई दलित नहीं

राहुल ने दावा किया कि अडाणी की कंपनी के प्रबंधन में आपको एक भी दलित, ओबीसी और आदिवासी नहीं मिलेगा। बरेली में मैंने गलती से कह दिया कि जितने अफसर हैं अपना परिचय दे दीजिए, उसमें मुझे एक दलित नाम नहीं सुनाई दिया, एक ओबीसी नाम उसमें नहीं सुनाई दिया। केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आप सिर्फ 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपएका कर्ज माफ करते हैं, लेकिन जब मैं किसानों की कर्ज माफी की बात करता हूं तो मुझ पर हमला किया जाता है।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के मीरा बाग में 8-9 राउंड फायरिंग

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मीरा बाग में फायरिंग का मामला सामने आया है।



राज मंदिर नामक आउटलेट पर अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाई। करीब 8-9 राउंड फायरिंग की गई। दोपहर 2:35 बजे की वारदात बताई जा रही है। आरोपी फरार हो गए।

### शारदा के घर पर गीत गाकर दे रहे श्रद्धांजलि

**पटना।** बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा अब भले ही शारीरिक



रूप से नहीं हैं, लोकगीतों के जरिए वे हमेशा लोगों के दिलों में अमर रहेंगी। बुधवार 12 बजे उनका पार्थिव शरीर पटना स्थित आवास पर लाया गया। लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### तेलंगाना में शुरू हुई जातिगत जनगणना

**हैदराबाद।** तेलंगाना में बुधवार से जातिगत जनगणना शुरू हो गई है।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का वादा किया था। तेलंगाना सरकार ने ऐलान किया है कि यह सर्वेक्षण लोगों के दरवाजे तक पहुंचेगा।

हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## शादी को कानूनी मान्यता भले ही न मिली हो फिर भी उनके बच्चों को मिलेगा पूरा अधिकार

एजेंसी ▸▸ सिमला

### अमान्य शादी से पैदा बच्चों का जन्म रजिस्ट्रेशन करें

हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने इनवैलिड मैरिज से पैदा हुए बच्चों के अधिकारों को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने कहा अमान्य शादी से पैदा हुए बच्चों को पंचायत रिकॉर्ड में उनके जन्म का रजिस्ट्रेशन करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जस्टिस ज्योत्सना रेवल दुआ की सिंगल बेंच 12, 9 और 5 साल की उम्र के तीन नाबालिग बच्चों द्वारा अपनी मां के माध्यम से याचिका पर कार्रवाई कर रही थी जो चाहते थे कि उनका नाम



पंचायत रिकॉर्ड में जोड़ा जाए। रिकॉर्ड में बर्थ रजिस्टर और फैमिली रजिस्टर के अलावा गांव की गवर्निंग बॉडी द्वारा बनाए गए अन्य दस्तावेज शामिल हैं। इस फैसले से उनके अधिकारों को मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### उन्हें समान सुविधाएं दी जानी चाहिए

अदालत ने कहा कि माता-पिता के बीच के रिश्ते को भले ही क़ानून द्वारा मान्यता न दी गई हो लेकिन ऐसे रिश्ते में बच्चे के जन्म को माता-पिता के रिश्ते से स्वतंत्र रूप से देखा जाना चाहिए। ऐसे रिश्ते में पैदा हुआ बच्चा निर्दोष होता है और उसे वे सभी अधिकार मिलते हैं जो वैध विवाह में पैदा हुए अन्य बच्चों को मिलते हैं।

## असम की महिला डीसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नलबाड़ी।** असम के नलबाड़ी जिले में एक आईएएस अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।



अधीनस्थ अधिकारी को परेशान करने के आरोपी जिला आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पी गोस्वामी ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान 'कुछ घटनाएं' हुईं। तत्कालीन सर्कल अधिकारी अपर्णा शर्मा ने शिकायत की।

अचानक डीसीएम आने से बेकाबू होकर पलटा टेंपो

## 10 लोगों की मौत और 5 घायल, योगी ने जताया शोक, घायलों के समुचित उपचार के दिए निर्देश

एजेंसी ▸▸ हरदोई

जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 5 गंभीर घायल हैं। बताया जा रहा है कि हादसा रोशनपुर के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ है। यहां एक डीसीएम के अचानक सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया है। रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इन लोगों में से 7लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया।

### हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में हादसा



**मृतकों में 5 महिलाएं, 2 बच्चियां भी**

मृतकों में 5 महिलाएं, दो बच्चियां, एक बच्चा और2 पुरुष शामिल हैं। घायलों और शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम भेजा गया है। डीसीएम का चालक व हेल्पर मौके से फरार हो गए। पुलिस मृतकों की पहचान कराने की कोशिश में जुटी हुई है।

**सीएम योगी ने आला अधिकारियों को दिए निर्देश**

इस हादसे का सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं और घायलो के समुचित उपचार की व्यवस्था करवाने के लिए कहा है।

संसदीय समिति ने टूडो सरकार को 'सुरक्षा चिंताओं' का दिया हवाला

# चीन के साथ शोध सहयोग तत्काल खत्म करे सरकार

कनाडा की संसदीय समिति ने अपनी एक रिपोर्ट में जस्टिन ट्रूडो सरकार से अनुरोध किया कि वह चीन के साथ शोध सहयोग को तुरंत समाप्त करे। यह ओटावा की सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहा है।

एजेंसी ▸▸ ओटावा

कनाडा की संसदीय समिति ने अपनी एक रिपोर्ट में जस्टिन ट्रूडो सरकार से अनुरोध किया कि वह चीन के साथ शोध सहयोग को तुरंत समाप्त करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के सहयोग से बीजिंग को खतरनाक वायरस तक पहुंच हासिल करने में मदद मिली है और यह ओटावा की सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहा है।

### चीन से कनाडा के संवेदनशील प्रौद्योगिकी अनुसंधान का न हो आदान-प्रदान

**ज्यादा आक्रामक हो गई चीन की गतिविधियां**

'कनाडा-चीन संबंध पर विशेष समिति' की अंतरिम रिपोर्ट में कहा गया कि चीन ज्यादाआक्रामक हो गया है, जिसमें विदेश में हस्तक्षेप और जासूसी शामिल हैं। चीनी सरकार ने कहा है कि वह 2049 तक सबसे उन्नत सैन्य ताकत विकसित करेगा।



**पीएचएसी के दस्तावेज पेश करने में विफल रही ट्रूडो सरकार**

चीन का प्रतिभा प्रबंधन कार्यक्रम कनाडा से शोध और प्रौद्योगिकी हासिल करने का एक तरीका है। इसमें आगे कहा गया है कि कनाडा सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी (पीएचएसी) के दस्तावेज पेश करने में विफल रही। जबकि, हाउस ऑफ कॉमन्स की विशेष समिति ने कई बार सरकार से ऐसा करने को कहा था।

### प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्रों में सहयोग समाप्त करने की मांग

समिति की रिपोर्ट में कनाडा सरकार से यह भी मांग की गई है कि वह चीन के संस्थानों और व्यक्तियों के साथ कनाडा के संवेदनशील प्रौद्योगिकी अनुसंधान क्षेत्रों जैसे उन्नत डिजिटल आधारभूत संरचना; उन्नत उर्जा प्रौद्योगिकीच उन्नत सामग्री और निर्माण उन्नर सेंसर और निगरानी, उन्नत हथियार, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष और उपग्रह प्रौद्योगिकी, एआई, मानव-मशीन एकीकरण, जीवन विज्ञान प्रौद्योगिकी, क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स में सभी शोध सहयोग को तुरंत समाप्त करे। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कनाडा सरकार से सिफारिश की कि सुरक्षा मूल्यांकन और मंजूरी प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जाएं।

जज के घर अनोखी चोरी!

## डोसा बनाया, चाय पी, बर्तन धोए व गहने-कैश किए पार

एजेंसी ▸▸ गंजाम

ओडिशा के गंजाम जिले के भंजनगर में चोरों ने एक अनोखी वारदात को अंजाम दिया है। यहां चोरों ने भंजनगर अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश के घर में घुसकर पहले डोसा बनाया और चाय पी। इतना ही नहीं चोरों ने बर्तन भी धो दिए और उसके बाद कपड़ों के साथ-साथ सोने के गहने और कैश लेकर फरार हो गए। जज के घर पर चोरी की इस अनोखी घटना से सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। चोरों का ऐसा दुस्साहस राज्य भर में चर्चा का विषय बना



हुआ है। दअरसल, 17 अक्टूबर को अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश देवदत्त पटनायक के घर से चोरी हुई थी। चोर जज के आवास के वेंटीलेटर को तोड़कर घर में दाखिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने बड़ी हिम्मत से जज के घर में खाना बनाकर खाया और पकड़े जाने के डर से बर्तनों को धो भी दिया ताकि किसी को शक न हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)